‘कौल-कल्पतरु’ चण्डी

६७ वर्षों से प्रकाशित आध्यात्मिक पुस्तक-माला

महा-पर्व

दीपावली

विशेषाङ्क

श्रीलक्ष्मी
श्रीसिद्ध-लक्ष्मी
श्रीरमा
एवं
श्रीमहा-लक्ष्मी
मन्त्र-विधान
सहित

प्रकाशक :
परा-वाणी आध्यात्मिक शोध-संस्थान
श्रीचण्डी-धाम, अलोपी-देवी मार्ग, प्रयाग-२११००६

समुद्र-मन्थन
श्रीलक्ष्मी का प्रादुर्भाव

चेतना को ढँकनेवाली अर्थात् 'असुर' एवं
चैतन्य अर्थात् 'सुर'–दो प्रकार की वृत्तियों द्वारा
'संसार'-रूपी समुद्र के मन्थन से
'श्रेय'-स्वरूपा श्रीलक्ष्मी का प्रादुर्भाव

वर्ष : ६८ अङ्क : ६

महा-पर्व दीपावली

विशेषाङ्क

भगवान् श्रीधन्वन्तरि

भगवान् श्रीहनुमान

भगवान् श्रीगणेश

भगवती श्रीमहा-काली

भगवती श्रीमहा-लक्ष्मी

भगवती श्रीमहा-सरस्वती

श्रीलक्ष्मी, श्रीसिद्ध-लक्ष्मी, श्रीरमा

साधना

***

सम्पादक
ऋतशील शर्मा

*

प्रकाशक
पण्डित देवीदत्त शुक्ल स्मारक
परा-वाणी आध्यात्मिक शोध-संस्थान
कल्याण मन्दिर प्रकाशन
श्रीचण्डी-धाम, प्रयाग-राज-२११००६ ☎ ०९४५०२२२७६७

अनुदान [illegible]/-

समर्पण

पञ्च-दिवसीय 'महा-पर्व दीपावली' के
शोधात्मक ज्ञान-विज्ञान के सूत्रधार



'चण्डी' एवं 'सम्पादक की वाणी' के सम्पादक
'कुल-भूषण' पं० रमादत्त शुक्ल जी के
कर-कमलों में समर्पित

❋

सर्वाधिकार सुरक्षित

तृतीय संशोधित एवं संवर्धित संस्करण
आश्विन शुक्ला पञ्चमी, शुभ-कृत् सं० २०६६ वि० (२३ सितम्बर, २००९)

मुद्रक : परा-वाणी प्रेस, अलोपी-देवी मार्ग, प्रयाग-राज (उ०प्र०)-२११००६

महा-पर्व 'दीपावली'

- **'शारदीय नवरात्र'** के बाद **'दीपावली'** साधकों के लिए अत्यन्त महत्व-पूर्ण है। **'नव-रात्रों'** में साधक **'परा-शक्ति'** की आराधना करते हैं और अपने को उनकी **'कृपा'** प्राप्त करने का अधिकारी बनाते हैं।
- **'नव-रात्रों'** में साधक के हृदय में **'भक्ति'**-रूपी **'पुष्प'** के रूप में आत्म-समर्पण का जो भाव जाग्रत होता है, वही **'दीपावली'** में साधकों के मन में **'दीप'** की आकृति धारण करता है। जब उसमें से **'काश'** निकलने लगता है, तब धूम-रहित **'दीप'**-शिखा-रूप **'साधना'-मार्ग** भी दिखाई देने लगता है। इस प्रकार **'दीपावली'**—साधकों के लिए अत्यन्त महत्व-पूर्ण है।
- **'धर्म'**-शास्त्रों के अनुसार **आषाढ़ शुक्ला एकादशी** से **कार्तिक शुक्ला एकादशी** तक का समय **'चतुर्मास'** (चार महीने)—**देवताओं का 'सुषुप्ति'- काल** कहलाता है। **'प्रकृति'** - नई सृष्टि के लिए गर्भवती रहती है। वर्षा से **'प्रकृति'** की प्राण-मयी **'अग्नि'-ज्योति** भी क्रमशः क्षीण होती है। **दक्षिणायन** होने के कारण **'सूर्य'-ज्योति** भी क्षीण होती है। अतएव पहले तो साधक को एक बार पुनः **'शक्ति' का बोधन, आवाहन-पूजन** अर्थात् **'शारदीय नवरात्र'** का आयोजन करना होता है, फिर **साधना का चैतन्यीकरण** अर्थात् **'दीपावली'** का आयोजन करना होता है।
- **'साधना'** को चैतन्य करने के लिए महा-पर्व **'दीपावली'** में पाँच पर्व-दिन हैं—**(१) कार्तिक कृष्णा त्रयोदशी—'धन-त्रयोदशी', 'धन्वन्तरि-जयन्ती'।(२) कार्त्तिक कृष्णा चतुर्दशी —'नरक-चतुर्दशी'। (३) कार्तिक अमावास्या—'दीपावली'।(४) कार्तिक शुक्ला प्रतिपदा—'गो-वर्धन-पूजा', 'अन्न-कूट'।(५) कार्तिक शुक्ला द्वितीया—'भ्रातृ-द्वितीया', 'यम-द्वितीया'**। इन **पाँच पर्व-दिनों** के बाद भी **'अक्षय-नवमी'** जैसे कई महत्व-पूर्ण पर्व **'कार्तिक' - पूर्णिमा** तक हैं, जिनमें साधक अपनी अभीष्ट साधना का अभ्यास कर उसे **चैतन्य** बन सकता है। **'दीपावली' का पहला पर्व-दिन कार्तिक कृष्णा त्रयोदशी (कार्तिक शिव-रात्रि)** है। यहाँ से **देवताओं की सुषुप्तावस्था—चतुर्मास** का **अन्तिम भाग** ही शेष रहता है और **देवताओं के जागरण की पूर्व-सन्ध्या** प्रारम्भ होती है। साधक इस दिन दिव्य भावों की ऋणात्मकता के स्थान पर धनात्मकता की कल्पना करता है और **दिव्य भावों की धनात्मकता** का आभास—**'अमृत'-प्राप्ति** का आभास कराता है। इसीलिए इस दिन **'अमृत'-कलश-धारी महा-विष्णु धन्वन्तरि** का स्मरण-पूजन होता है। साथ ही; **काम-देव** द्वारा पूजित **देवी कामेश्वरी** का भी पूजन होता है, क्योंकि कामनाओं को सिद्ध करने की बेला होती है।
- **'दीपावली' का दूसरा पर्व-दिन कार्त्तिक कृष्णा-चतुर्दशी** है। इसे **'नरक' - चतुदर्शी** कहते हैं। इस दिन मन-वचन और कर्म से पवित्र होने के लिए **'नरक'** का स्मरण कराया जाता है, जिससे साधक दुष्कर्मों और दुष्ट भावनाओं से बचता है। साथ ही, अपनी **'प्राण'-शक्ति** को सम्वर्धित करने के लिए **रुद्रात्मक भ० हनुमान** की आराधना करता है। रात्रि में **'दरिद्रता' - रूपा अलक्ष्मी** का गमन होता है और विशिष्ट साधक **ज्येष्ठा लक्ष्मी भगवती धूमावती** की आराधना करते हैं।
- **'दीपावली' का तीसरा पर्व-दिन कार्त्तिक अमावास्या** है। **अमावास्या** के कारण इस दिन रात्रि में तीसरी ज्योति-**'चन्द्र' -ज्योति** भी नहीं रहती। अतः सम्पूर्ण ब्रह्माण्ड को प्रकाशित करनेवाली **मूल ज्योति**

'**महा-लक्ष्मी**' की आराधना होती है। '**महा-लक्ष्मी**' की आराधना के लिए **भगवान् गणेश, महा-काली, महा-सरस्वती** की आराधना आवश्यक है, अत: रात्रि में उनकी पूजा-अर्चना भी की जाती है।

- '**दीपावली' का चौथा एवं पाँचवा पर्व-दिन** क्रमश: **कार्त्तिक शुक्ला प्रतिपदा – द्वितीया** है। इन दिनों भक्त-गण अपनी ज्ञानेन्द्रियों एवं कर्मेन्द्रियों को सम्वर्धित करने के लिए '**अन्न-कूट**', '**गो-वर्द्धन-पूजा**', '**प्रात: काल चन्द्र-दर्शन**', '**यमुना'-स्नान** आदि करते हैं, जिससे धन, यश, आयु और बल—चारों की वृद्धि होती है।
- **महा-पर्व 'दीपावली'** के उक्त **पाँचों पर्व-दिनों** के लिए **प्रस्तुत विशेषाङ्क में विविध साधनाएँ** दी जा रही हैं। साधक इन्हें जानकर इनसे लाभ उठा सकते हैं। ये साधनाएँ '**दीपावली**' के **पर्व-दिनों** में तो विशेष रूप से करणीय हैं ही, साथ ही अन्य **सामान्य दिनों में भी उपयोगी** हैं। अत: इनके द्वारा **सतत अभ्यास** कर हम **विशेष-विशेष लाभ** प्राप्त कर सकते हैं, इसमें सन्देह नहीं। **महा-पर्व 'दीपावली'** में '**दीप'-दान, 'दीप'-प्रज्वलन का विशेष महत्व** होता है। **गुप्तावतार बाबा श्री** के शब्दों में '**दीप**' के पाँच अङ्ग होते हैं—

(१) **पात्र या आधार,** जो मिट्टी या धातु का होता है।
(२) **जलनेवाला द्रव,** यथा तेल।
(३) **बत्ती,** जो रुई की बनाई जाती है।
(४) **चोषण-शक्ति,** जिससे तेल व हवा दोनों चूसे जाकर रुई की नोंक पर एकाग्र होते हैं।
(५) **उष्णता,** जिससे प्रज्वालन होता है।

'**दीप**' के उक्त पाँचों अङ्गों को साधक को अपने में देखना-ढूढँना चाहिए। इससे साधक की **साधना का विकास** होता है। यथा—

(१) वह स्वयं मिट्टी का बना हुआ **देह-धारी** है।
(२) उसका **स्नेह** ही घृत या तेल-वत् '**दीप**' के जीवन का आधार है।
(३) जितनी जैसी '**भक्ति**' होगी, उतने समय तक एकाग्रता होगी व वैसा ही '**काश**' होगा।
(४) उसके **स्नेह** व **भक्ति** को **इष्ट-देवता** के चरणों में खींच ले जानेवाली '**कुण्डलिनी**' भी उसी में है।
(५) '**अभ्यास**' करते '**मन्त्रार्थ**' व '**मन्त्र-चैतन्य**' से कुछ सुलग उठता है व चमकता है, जिसमें से **आशीर्वाद** या **कृपा** बरसती है।

संक्षेप में **महा-पर्व 'दीपावली**' सभी साधकों द्वारा कुछ करने का '**पर्व**' है। पिछले कुछ वर्षों से **गुरु-मण्डल की कृपा** एवं '**कुल-भूषण' पण्डित रमादत्त जी शुक्ल** की विशेष प्रेरणा से '**चण्डी**'-पत्रिका द्वारा प्रति वर्ष '**दीपावली**'-अङ्क प्रकाशित होते रहे हैं। आज वही संग्रह यहाँ परिवर्धित रूप में '**श्रीलक्ष्मी, श्रीसिद्ध-लक्ष्मी, श्रीरमा, श्रीमहा-लक्ष्मी**' के कुछ विशिष्ट मन्त्रों के विधान के साथ पुन: प्रस्तुत हो रहा है। आशा है कि '**चण्डी**' के पाठक-बन्धु इससे प्रसन्न होंगे। उन्हें एक ही अङ्क में भिन्न-भिन्न कई अङ्कों की उपयोगी बातें इकट्ठी मिल जाएँगी और **भगवती श्रीलक्ष्मी** की विशेष प्रकार से साधना करने की प्रेरणा भी प्राप्त होगी।

—ऋतशील शर्मा

'श्रीचण्डी'-धाम, प्रयाग-राज

महा-पर्व 'दीपावली'—विशेषाङ्क

निबन्ध-संग्रह

१. श्री धन्वन्तरि-व्रत-कथा ३
२. भगवान् धन्वन्तरि अष्टोत्तर-शत-नाम-पूजा ७
३. श्री हनुमान-चालीसा ९
४. श्री बजरङ्ग-बाण १२
५. श्रहनुमदष्टोत्तर-शत-नामावली १४
६. विघ्न-राज भगवान् गणेश की सरल साधना १६
७. श्री गणेश अष्टोत्तर-शत-नामावली १७
८. श्री महा-गणपति सहस्त्र-नाम-जप-प्रयोग १९
९. महा-लक्ष्मी ध्यानावली ३३

१०. त्रैलोक्य - मङ्गल लक्ष्मी-स्तोत्र ३४
११. श्रीमहा-लक्ष्मी स्तोत्रम् ३५
१२. श्रीमहा-लक्ष्मी-सहस्त्र-नाम-जप-प्रयोग ३७
१३. श्री काली - सहस्त्र-नाम-साधना ४१
१४. श्री सरस्वती-सहस्त्र-नामावलि ६२
१५. सुख-शान्ति-दायक महा-लक्ष्मी महा-मन्त्र-प्रयोग ७३
१६. सर्व-स्त्री-पुरुष-वश्यार्थे महा-लक्ष्मी महा-मन्त्र-प्रयोग ७८
१७. एकाक्षर लक्ष्मी-बीज (श्रीं) की साधना ८१
१८. श्री मञ्जु-घोष की साधना ८२
१९. महा-लक्ष्मी अष्टोत्तर-शत-नाम-साधना ८३
२०. ऋण-हरण श्री गणेश-मन्त्र-प्रयोग ८४
२१. ऋण-मोचन महा-गणपति-स्तोत्र ८५
२२. श्री हनुमत्-साधना ८६
२३. 'श्रीलक्ष्मी' - नाम-मन्त्र-साधना ८७
२४. श्रीमहा-लक्ष्मी-सप्त-विंशाक्षर-मन्त्र-साधना ९१
२५. सर्व-सिद्धि-दायक श्री महा-लक्ष्मी-नामावली प्रयोग ९६
२६. 'कुञ्जिका स्तोत्र' और 'बीसा-यन्त्र' का अनुभूत अनुष्ठान ९९
२७. श्रीराम-बीसा-यन्त्र और श्रीनृसिंह-बीसा-यन्त्र १०३
२८. श्री हनुमान-बीसा-यन्त्र १०४
२९. श्री गो-रक्ष-बीसा-यन्त्र १०५
३०. सर्व-कामना-सिद्धि-यन्त्र १०६
३१. पञ्च-दशी प्रयोग-विधि १०७
३२. 'पञ्च-दशी-यन्त्र' से भगवती लक्ष्मी की कृपा-प्राप्ति १०८
३३. 'दीपावली' में धारण हेतु एक विशिष्ट यन्त्र १०९
३४. 'जैन-धर्म' के यन्त्र ११०
३५. श्रीलक्ष्मी, श्रीसिद्ध-लक्ष्मी, श्रीरमा एवं श्रीमहा-लक्ष्मी- मन्त्र-विधान ११३

★★★

श्री धन्वन्तरि व्रत-कथा

पहला अध्याय

सनकादिक मुनियों ने सूत जी से कहा — हे सूत महा-मुने! आपने भगवान् धन्वन्तरि की पूजा-विधि का विस्तार-पूर्वक वर्णन किया, किन्तु इसे सुनने पर भी हमें तृप्ति नहीं हुई। अतः **श्री धन्वन्तरि का माहात्म्य** अधिक विस्तार से बताइए।

मुनि - श्रेष्ठ सूत जी ने कहा — हे मुनियों! आप पाप - विनाशिनी कथा को सुनिए। इस कथा को सुनने से सभी रोगों का नाश होता है—

एक समय नारद जी सभी लोगों के कल्याण की इच्छा से समुद्र - द्वीप - पर्वत - सहित सम्पूर्ण पृथ्वी में भ्रमण कर रहे थे। वहाँ उन्होंने सभी लोगों को विविध रोगों से दुःखी देखा। यह देखकर नारद जी चिन्तित हुए और वहाँ से 'स्वर्ग' जा पहुँचे।

स्वर्ग में इन्द्र आदि देवता भी रोगी हो रहे थे। यह देखकर नारद जी की चिन्ता और बढ़ गई। चिन्ता करते हुए वे 'वैकुण्ठ' में पहुँचे।

'वैकुण्ठ' में नारद जी ने **शङ्ख - चक्र - अमृत - कलश - धारी** और **अभय - हस्त धन्वन्तरि विष्णु** को देखा। श्री (लक्ष्मी), भू (पृथ्वी) और नीला देवी उनकी चरण - सेवा कर रही थीं। ऐसे महात्मा धन्वन्तरि-रूपी श्री विष्णु को नारद जी ने भक्ति - पूर्वक प्रणाम किया और हाथ जोड़कर उनकी स्तुति करने लगे।

श्री नारद जी बोले — हे देवों के देव! जगन्नाथ! भक्तों पर दया करनेवाले, दीन - बन्धु, दया - सागर, जगत् की रक्षा में तत्पर! आप मुझे शरणागत जानकर सन्तुष्ट कीजिए।

हे भगवन्! मैंने पृथ्वी आदि सभी लोकों में पर्यटन किया और वहाँ के निवासी जनों को नाना रोगों से दुःखी पाया। किसी को ज्वर ने गिराया है, तो किसी को राज-यक्ष्मा ने धर दबाया। कोई अतिसार, श्वास, खाँसी, संग्रहणी और पाण्डु - रोगादि से पीड़ित है। कोई वात - रोगों से पीड़ित है। कोई फोड़े, गिल्टी, प्लेग आदि से युक्त सन्निपात रोग और प्रमेहादि रोगों से घेरे गए हैं।

इस प्रकार लोग अनेक रोगों से ग्रस्त और दुःखी हैं। उन्हें देखकर मुझे बड़ा दुःख हुआ और बारम्बार मैंने चिन्ता की। मैंने सोचा कि ये लोग कैसे नीरोग होंगे और प्रसन्न होंगे? इसी चिन्ता से मन में व्याकुल होकर मैं आपकी शरण में आया हूँ।

हे विश्वात्मन्! शरणागत भूम्यादि लोकों की आप रक्षा कीजिए। त्रैलोक्य में आपके अतिरिक्त इनका कोई रक्षक नहीं है।

भगवान् श्री विष्णु नारद जी के उक्त वचनों को सुनकर गम्भीर वाणी से बोले — हे मुने! आप भय न कीजिए। मैं **'आदि - धन्वन्तरि'** इन्द्र से आयुर्वेद प्राप्त कर पुनः अवतार लेकर सभी लोकों को नीरोग करूँगा। मैं कार्तिक मास, कृष्ण पक्ष, त्रयोदशी, गुरुवार, हस्त नक्षत्र के समय अवतार लेकर **'आयुर्वेद' का उद्धार** करूँगा। इसमें सन्देह न करो। **।। श्री धन्वन्तरि - व्रत - कथा का पहला अध्याय।।**

दूसरा अध्याय

भगवान् विष्णु के उक्त वचनों को सुनकर **नारद मुनि अति प्रसन्न हुए और हर्ष से बोले—** हे भगवन्! आप **'धन्वन्तरि - पूजा' की विधि** बताइए। **'धन्वन्तरि - पूजा'** में कौन - सा ध्यान या विधान किया जाए? उसका नियम क्या है? उसका फल क्या है? किस समय, किसने उस पूजा को किया है? पूजा में क्या - क्या चीजें चाहिए? हे देव - देवेश्वर! लोकों पर अनुग्रह करने की इच्छा से कृपा - पूर्वक यह सब मुझे बताइए।

श्री भगवान् ने कहा — हे मुने! तुमने लोकोपकार की इच्छा से पूछा है। अतएव तुमसे 'पाप-नाशिनी, रोग-नाशिनी कथा' कहता हूँ।

धनगुप्त राजा के निमित्त **कार्तिक कृष्ण त्रयोदशी** गुरुवार हस्त नक्षत्र के समय मैं रात्रि के प्रथम प्रहर में गुप्त धन के समान **'धन्वन्तरि'** नाम से अवतीर्ण होता हूँ। अतएव वह दिन संसार में **'धन - त्रयोदशी' (धन - तेरस)** नाम से प्रसिद्ध होगा। यह तिथि सभी कामनाओं को देनेवाली है।

नारद जी ने पूछा — हे भगवन्! कृपया विस्तार - पूर्वक बताइए कि बड़-भागी **'धनगुप्त'** कहाँ हुआ और आपके दर्शन की प्राप्ति के लिए उसने कौन - सा व्रत किया था और हे दया - सागर नारायण! उसने आपका पूजन क्यों किया था?

श्री भगवान् ने कहा — पहले अवन्तीपुर (उज्जैन) में 'धनगुप्त' नामक राजा धर्म-मार्ग से प्रजा का पालन करनेवाला हुआ था। वह सभी लोगों को प्यारा, उदार - चित्त था। उसे क्षय रोग हो गया। उससे वह दिन - रात पीड़ित होने लगा। पीड़ा की निवृत्ति के लिए उसने जप, होम, नाना प्रकार की औषधियाँ कीं, परन्तु नीरोग न हुआ। तब वह खिन्न होकर विलाप करने लगा।

राजा की स्त्री त्रिलोक में प्रसिद्ध सुशीला, पतिव्रता, सदाचारिणी थी। उसने भी पति के मङ्गल की आकांक्षा से अनेक नियम, उपवास आदि किए, पर इससे भी राजा नीरोग न हुआ और अन्त में वह स्त्री भी अतीसार रोग से रोगिणी हो गई।

हे मुने! उस राजा से उस पतिव्रता स्त्री के पाँच पुत्र हुए। वे क्रमशः आमवात, प्लीहा, कुष्ठ, खाँसी और श्वास से पीड़ित हुए। उनको भी रोग से छुटकारा न मिला। राजा और रानी अपने पुत्रों को रोगार्त देखकर अत्यन्त दुःखी हुए।

स्त्री-पुत्रों को रोग के सागर से मुक्त कराने की इच्छा से चिन्तित राजा घोर वन को चला गया। वन में राजा ने महा -मुनि 'भरद्वाज' को बैठे देखा। राजा ने उन्हें भक्ति - पूर्वक प्रणाम किया और अपना दुःख बताया। महा - मुनि भरद्वाज से राजा ने रोग - कष्ट - निवारण हेतु उपाय पूछा।

भरद्वाज मुनि ने कहा — हे राजन्! तुम्हारा वत्तान्त मैंने जान लिया। तुम अति शीघ्र **महा - विष्णु**

'धन्वन्तरि' की शरण में जाओ। मनुष्य उनके दर्शन मात्र से घोर दुस्तर रोगों से मुक्त हो जाता है।

राजा ने भरद्वाज मुनि से उक्त बात सुनकर उनसे पूछा — हे महात्मन्! आप कृपा कर उनकी आराधना-विधि मुझे भली - भाँति बताइए।

ऋषि भरद्वाज ने कहा — हे महाभाग राजन्! उस विधि को मैं कहता हूँ, सावधान - चित्त से सुनिए।

कार्तिक कृष्णा त्रयोदशी (धन-तेरस) के शुभ दिन, प्रातः - काल उठकर शौच - मुख - मार्जन आदि से निवृत्त होकर 'स्नान' करे। शुद्ध वस्त्र आदि धारण कर गुरु से प्राप्त उपदेशानुसार भगवान् धन्वन्तरि का ध्यान करे। फिर निम्न मन्त्र पढ़कर 'व्रत' का प्रारम्भ करे —

'करिष्यामि व्रतं देव! त्वद् - भक्तस्त्वत्- परायणः। श्रियं देहि जयं देहि, आरोग्यं देहि मे प्रभो!'

अर्थात् हे देव! मैं आपका भक्त हूँ, आप में चित्त लगाकर आपका व्रत करूँगा। आप मुझे लक्ष्मी दीजिए, विजय दीजिए, आरोग्य दीजिए।

देव - देव धन्वन्तरि से उक्त प्रार्थना कर, उनकी षोडशोपचारों से पूजा करे। (षोडशोपचार पूजा - विधि हेतु देखिए - 'दीपावली की पूजा - विधि', मूल्य १०-०० रुपए।

'पूजा' करने के बाद तेरह धागों का सूत्र लेकर तेरह गाँठवाला **'दोरक'** बनाए। इस **'दोरक'** की भक्ति - पूर्वक पूजा करे और निम्न - लिखित मन्त्र पढ़कर पुरुषों के दाहिने हाथ में तथा स्त्रियों के बाँएँ हाथ में बाँधे —

धन्वन्तरे! महा - भाग! जरा - रोग - निवारक!
दोर - रूपेण मां पाहि, स - कुटुम्बं दया - निधे!
आधि - व्यधि - जरा - मृत्यु - भयादस्मादहर्निशम्,
पीड्यमानं देव - देव! रक्ष मां शरणागतम्॥

अर्थात् — हे धन्वन्तरे! हे महा - भाग! आप जरा (बुढ़ापा) और रोग के मिटानेवाले हैं। इसलिए हे दया - निधे! आप इस सूत्र - रूप से स - कुटुम्ब मेरी रक्षा कीजिए। मैं दिन - रात आधि (मानसिक दुःख) और व्याधि (रोग), जरा (बुढ़ापा) अर्थात् आयु - विषयक टेढ़ी कमर, सन्धि - पीड़ा, क्षुधा - नाश, अरुचि आदि त्रास - दायी उपद्रवों तथा मृत्यु (कु - समय अपघातादि से मरना) के भय से त्रस्त हो रहा हूँ। हे देव - देव! शरण में आए हुए मेरी अब आप रक्षा करें।

सूत्र - बन्धन के बाद 'देव - देव धन्वन्तरि' को भक्ति - पूर्वक **'अर्घ्य'** निवेदन करे। **अर्घ्य** प्रदान करने का मन्त्र इस प्रकार है —

जातो लोक - हितार्थाय, आयुर्वेदाभिवृद्धये।
जरा - मरण - नाशाय, मानवानां हिताय च॥
दुष्टानां निधनायाथ, जात्त धन्वन्तरे प्रभो!
गृहाणार्घ्यं मया दत्तं, देव - देव कृपा-कर॥

अर्थात् हे देव - देव, दया-कारी धन्वन्तरि! आप लोकापकार के लिए, आयुर्वेद की अभिवृद्धि के निमित्त, मनुष्यों के हित तथा जरा - मरण का नाश करने के लिए अवतरित हुए हैं। मैं आपको अर्घ्य प्रदान करता हूँ। इसे स्वीकार कीजिए।

अर्घ्य प्रदान करने के बाद ब्राह्मण को बायन - दान करे। **'बायन' - दान** के लिए गेहूँ के आटे

में दूध, घी डालकर पकाए। पकने पर शक्कर डाले। केसर, कपूर, इलायची, लौंग जावित्री डालकर इस सिद्ध नैवेद्य को भगवान् को अर्पित करे। आधा 'प्रसाद' वेदज्ञ ब्राह्मण को अर्पित करे और आधा स्त्री-पुत्रादि सहित स्वयं प्रसाद-स्वरूप ग्रहण करे। हे राजन्! इस विधि से व्रत करने से साक्षात् धन्वन्तरि स्वयं प्रकट होकर तुम्हारा अभीष्ट सिद्ध करेंगे। इतनी कथा सुना कर भरद्वाज मुनि ने विश्राम लिया।

॥ श्री धन्वन्तरि - व्रत - कथा का दूसरा अध्याय ॥

तीसरा अध्याय

सूत जी बोले — हे मुनि-वरों! राजा धनगुप्त ने मुनि की आज्ञा पाकर उनके कहे अनुसार तेरह वर्ष पर्यन्त भक्ति-पूर्वक 'व्रत' किया।

एक दिन 'व्रत - समाप्ति' के अवसर पर साक्षात् धन्वन्तरि प्रगट हुए। राजा ने साष्टाङ्ग प्रणाम कर उनकी स्तुति की। भक्ति-पूर्वक की गई स्तुति स्वीकार कर भगवान् धन्वन्तरि ने कहा — 'हे राजन्! अब तुम डरो मत, तुम्हारा मङ्गल होगा। तुम हमसे वर माँगो।

राजा ने यह सुनकर उन्हें पुनः साष्टाङ्ग प्रणाम किया और उनकी स्तुति की —

धन्वन्तरे! नमस्तुभ्यं, नमो ब्रह्माण्ड - नायक!
सुरासुराराधितांघ्रे, नमो वेदैक - गोचर!
आयुर्वेद - स्वरूपाय, नमस्ते जगदात्मने॥१
प्रपन्नं पाहि देवेश! जगदानन्द - दायक!
दया - निधे महा -देव! त्राहि मामपराधिनम्।
जन्म-मृत्यु-जरा-रोगैः, पीड़ितं स - कुटुम्बिनम्॥

अर्थात् हे धन्वन्तरे! ब्रह्माण्ड - नायक! आपको नमस्कार। देव - दैत्यों से पूज्य-चरण! केवल वेद के ही जानने योग्य आपको नमस्कार। आयुर्वेद - स्वरूप - जगत् के अन्तर्यामी आपको नमस्कार। हे जगत् के सुखदायी देव - देव! दया - सागर, महा - देव! आप मुझ शरणागत अपराधी की रक्षा करें। मैं कुटुम्ब सहित जन्म - मृत्यु जरा आदि रोगों से पीड़ित हूँ।

भगवान् धन्वन्तरि ने यह स्तुति सुनकर मेघ - गर्जन के समान गम्भीर वाणी से मुस्कुराते हुए कहा- हे महा-राज! ठीक है, ठीक है, मैं तुम्हारी स्तुति से प्रसन्न हूँ। अब तुम हमसे वर माँग लो।

राजा बोले — हे देव! यदि आप प्रसन्न हैं, तो सबसे पहले स्त्री - पुत्रों सहित मुझे आरोग्य दीजिए।

यह प्रार्थना सुन कर भगवान् ने कहा — राजन्! तुमने जो प्रार्थना की है, वह पूर्ण होगी। इसके अतिरिक्त भी मैं वर देता हूँ। उसे सावधान होकर सुनो—

तुमने जिस प्रकार यह 'व्रत' किया है, इसी तरह जो 'व्रत' करेंगे, उनको आरोग्य प्रदान कर मैं उन्हें अपनी स्थिर भक्ति दूँगा।

सूत जी बोले — भगवान् धन्वन्तरि यह कहकर अन्तर्धान हो गए और राजा धनगुप्त अपनी पुरी में लौट गया। राजा नित्य स्त्री - पुत्रों सहित अमृत - पाणि धन्वन्तरि की स्तुति करने लगा। उसने पृथ्वी-लोक में नाना प्रकार के सुख भोगे और अन्त में भगवान् धन्वन्तरि की कृपा से मोक्ष - पद प्राप्त किया। इस प्रकार मैंने तुम लोगों को **भगवान् धन्वन्तरि की जन्मोत्सव-कथा** सुनाई। इसके सुनने से सभी पापों का नाश होता है। **॥श्री धन्वन्तरि - व्रत - कथा तीसरा अध्याय॥**

❑

भगवान् धन्वन्तरि
अष्टोत्तर-शत-नाम-पूजा

१ ॐ अमृत-वपुषे नमः
२ ॐ धर्म-ध्वजाय नमः
३ ॐ धरा-वल्लभाय नमः
४ ॐ धीराय नमः
५ ॐ धिषण-वन्द्याय नमः
६ ॐ धार्मिकाय नमः
७ ॐ धर्म-नियामकाय नमः
८ ॐ धर्म-रूपाय नमः
९ ॐ धीरोदात्त-गुणोज्ज्वलाय नमः
१० ॐ धर्म-विदे नमः
११ ॐ धराधर-धारिणे नमः
१२ ॐ धात्रे नमः
१३ ॐ धातृ-गर्व-भिदे नमः
१४ ॐ पुण्य-पुरुषाय नमः
१५ ॐ धाराधर-रूपाय नमः
१६ ॐ धार्मिक-प्रियाय नमः
१७ ॐ धार्मिक-वन्द्याय नमः
१८ ॐ धार्मिक-जन-ध्याताय नमः
१९ ॐ धनदादि-समर्चिताय नमः
२० ॐ धन्विने नमः
२१ ॐ धर्म-नारायणाय नमः
२२ ॐ आदित्य-रूपाय नमः
२३ ॐ अमोघाय नमः
२४ ॐ धिषण-पूज्याय नमः
२५ ॐ धिषणाग्रज-सेव्याय नमः
२६ ॐ धिषण-वन्द्याय नमः
२७ ॐ धिषणा-दायकाय नमः
२८ ॐ धार्मिक-शिखा-मणये नमः
२९ ॐ धी-प्रदाय नमः
३० ॐ धी-रूपाय नमः
३१ ॐ ध्यान-गम्याय नमः
३२ ॐ ध्यान-ध्यात्रे नमः
३३ ॐ ध्यातृ-ध्येय-पदाम्बुजाय नमः
३४ ॐ धूप-दीपादि-पूजा-प्रियाय नमः
३५ ॐ धूमादि-मार्ग-दर्शकाय नमः
३६ ॐ तेजोकृत-अग्नि-रूपाय नमः
३७ ॐ प्रभञ्जन वायु-रूपाय नमः
३८ ॐ सौम्याय चन्द्रमसे नमः
३९ ॐ बृहस्पति-प्रसूता-ओषध-द्रव्य-पतये नमः
४० ॐ अमृतांशूद्भवाय नमः
४१ ॐ धर्म-मार्गे विघ्न-कृत्-सूदनाय नमः
४२ ॐ धनुर्वातादि-रोगघ्नाय नमः
४३ ॐ धारणा-मार्ग-दर्शकाय नमः
४४ ॐ ध्यातृ-पाप-हराय नमः
४५ ॐ बरदाय धन-धान्य-प्रदाय नमः
४६ ॐ धेनु-रक्षा-धुरीणाय नमः
४७ ॐ धरणी-रक्षण-धुरीणाय नमः
४८ ॐ ओजस्तेजो-द्युति-धराय नमः

४९ ॐ मोहिनी-रूपाय नमः
५० ॐ समुद्र-मन्थनोद्भवाय नमः
५१ ॐ धर्म-धुरन्धराय नमः
५२ ॐ तुष्टाय पुष्टाय नमः
५३ ॐ वेद्याय वैद्याय नमः
५४ ॐ सोमपोऽमृतपः सोमाय नमः
५५ ॐ पुरुष -पुरुषोत्तमाय नमः
५६ ॐ वाचस्पतये नमः
५७ ॐ भेषजे भिषजे नमः
५८ ॐ महा-कृतवे नमः
५९ ॐ महा-यज्ञाय नमः
६० ॐ हविषे महा-हविषे नमः
६१ ॐ लोक-बन्धवे माधवाय नमः
६२ ॐ धनगुप्त-वरदाय भक्त-वत्सलाय नमः
६३ ॐ इन्द्र-कर्मणे नमः
६४ ॐ पावनाय नमः
६५ ॐ अमृताशाय नमः
६६ ॐ अमृत-वपुषे नमः
६७ ॐ सर्वतो सुखाय नमः
६८ ॐ न्यग्रोधौदुम्बराय नमः
६९ ॐ अश्वत्थाय नमः
७० ॐ अणवे नमः
७१ ॐ बृहते नमः
७२ ॐ धनुर्धराय नमः
७३ ॐ धनुर्वेदाय नमः
७४ ॐ प्रिय-कृते प्रीति-वर्धनाय नमः
७५ ॐ ज्योतिषे नमः
७६ ॐ सुखदाय नमः
७७ ॐ स्वस्तिने स्वस्ति-कृते नमः
७८ ॐ कुण्डलिने नमः
७९ ॐ चक्रिणे विक्रमिणे नमः
८० ॐ शब्द-सहाय नमः
८१ ॐ दुःस्वप्न-नाशनाय नमः
८२ ॐ आधार-निलयाय नमः
८३ ॐ प्राणाय प्राणदाय नमः
८४ ॐ प्राण-निलयाय नमः
८५ ॐ प्राण-धृते नमः
८६ ॐ प्राण-जीवनाय नमः
८७ ॐ तत्त्वाय तत्त्व-विदे नमः
८८ ॐ जन्ममृत्यु-जरागाय नमः
८९ ॐ यज्ञाय महेज्याय नमः
९० ॐ क्रतवे यज्ञ-वाहनाय नमः
९१ ॐ यज्ञ-भृते नमः
९२ ॐ यज्ञाय यज्ञाङ्गाय नमः
९३ ॐ ईज्याय यज्ञिने नमः
९४ ॐ यज्ञ-भुजे नमः
९५ ॐ यज्ञ-साधनाय नमः
९६ ॐ यज्ञान्न-कृते नमः
९७ ॐ यज्ञ-गुह्याय नमः
९८ ॐ साम-गानाय नमः
९९ ॐ पाप-नाशनाय नमः
१०० ॐ भरद्वाज-प्रियाय नमः
१०१ ॐ महोत्साहाय नमः
१०२ ॐ वर्धमानाय नमः
१०३ ॐ काशिराज-धन्वन्तरये नमः
१०४ ॐ दिवोदास-धन्वन्तरये नमः
१०५ ॐ श्री-धारामृत-हस्ताय नमः
१०६ ॐ धृतामृत-कलश -कराय नमः
१०७ ॐ लक्ष्मी-सहोदराय
१०८ ॐ आधि-व्याधि-विनाशिने नमः

श्रीहनुमान-चालीसा

कार्तिक-मास की **'शिव'-रात्रि** अथवा 'नरक'-चतुर्दशी **'श्रीहनुमान्-जयन्ती'** का पावन पर्व है। इस दिन सायं-काल **'धर्म-अर्थ-काम-मोक्ष'**-रूपी चार बत्तियों का 'दीपक'— **'यम'-देवता** के लिए जलाया जाता है। इस दिन भक्त-गण **'श्रीहनुमान-चालीसा'** आदि **सिद्ध स्तुतियों का पाठ** भी करते हैं। यहाँ **'श्रीहनुमान-चालीसा'** का प्रामाणिक पाठ दिया जा रहा है। यदि कोई विशेष कामना हो, तो **'सङ्कल्प'**-पूर्वक **'श्रीहनुमान-चालीसा का सम्पुटित पाठ'** करना चाहिए। कामना की पूर्ति हेतु इस दिन से **४० दिन तक नित्य ११ बार 'सम्पुटित पाठ'** करना चाहिए। विविध कामनाओं हेतु **'श्रीहनुमान-चालीसा'** के साथ सम्पुटित की जानेवाली चौपाइयाँ इस प्रकार हैं—

१. कुमति के नाश और सुमति के लिए—

महावीर विक्रम बजरङ्गी। कुमति निवार सुमति के सङ्गी।

२. बल, विद्या, बुद्धि की प्राप्ति तथा मनो-विकार दूर करने के लिए—

बुद्धि-हीन तनु जानि के, सुमिरों पवन-कुमार।
बल-बुद्धि-विद्या देहु मोहि, हरहु क्लेश विकार।।

३. कठिन रोग से मुक्ति के लिए—

राम रसायन तुम्हरे पासा। सदा रहो रघुपति के दासा।।
लाय सजीवन लखन जियाए। श्रीरघुवीर हरषि उर लाए।। अथवा
नासे रोग हरे सब पीरा। जपत निरन्तर हनुमत वीरा।।

४. सङ्कट, बाधा से मुक्ति के लिए—

सङ्कट ते हनुमान छुड़ावे। मन क्रम बचन ध्यान जो लावे।। अथवा
सङ्कट कटै मिटै सब पीरा। जो सुमिरै हनुमत बलबीरा।।

५. अभिलषित कार्य की सिद्धि के लिए—

सब पर राम तपस्वी राजा। तिनके काज सकल तुम साजा।।
और मनोरथ जो कोई लावै। तासु अमित जीवन-फल पावै।।

६. भूत, प्रेत-बाधा दूर करने के लिए—

भूत-पिसाच निकट नहीं आवे। महा-वीर जब नाम सुनावे।।

७. कठिन कार्य की सिद्धि के लिए—

दुर्गम काज जगत के जेते। सुगम अनुग्रह तुम्हरे तेते।।

कार्य अथवा उद्देश्य के अनुसार उक्त अभीष्ट चौपाइयों के साथ **'श्रीहनुमान-चालीसा'** का **'सम्पुट-पाठ'** करने से सफलता शीघ्र मिलती है। **'श्रीहनुमान - चालीसा'** का पाठ इस प्रकार करे—

।। श्रीहनुमते नमः ।।

श्रीहनुमान-चालीसा

।।दोहा।।

श्रीगुरु-चरन-सरोज-रज, निज मन मुकुर सुधारि।
बरणौं रघुवर बिमल यस, जो दायक फल चारि।।
बुद्धि-हीन तनु जानि के, सुमिरौं पवन - कुमार।
बल-बुधि - विद्या देहु मोहि, हरहु कलेस बिकार।।

जय हनुमान ज्ञान-गुण-सागर। जय कपीस तिहुँ लोक उजागर।।
राम-दूत अतुलित बल-धामा। अञ्जनि-पुत्र पवन - सुत नामा।।
महा - बीर बिक्रम बजरङ्गी। कुमति निवार सुमति के सङ्गी।।
कञ्चन- बरन बिराज सुबेसा। कानन कुण्डल कुञ्चित केशा।।
हाथ बज्र औ ध्वजा बिराजै। काँधे मूँज जनेऊ छाजै।।
सङ्कर-सुवन केसरी - नन्दन। तेज प्रताप महा जग - बन्दन।।
विद्यावान गुणी अति चातुर। राम - काज करिबे को आतुर।।
प्रभु-चरित्र सुनिबे को रसिया। राम - लषन-सीता मन बसिया।।
सूक्ष्म-रूप धरि सियहिं दिखावा। बिकट- रूप धरि लङ्क जरावा।।
भीम-रूप धरि असुर सँहारे। रामचन्द्र के काज सँवारे।।
लाय सजीवन लषन जियाए। श्रीरघुबीर हरषि उर लाए।।
रघुपति कीन्हीं बहुत बड़ाई। तुम मम प्रिय भरतहि सम भाई।।
सहस बदन तुम्हरो यश गावैं। अस कहि श्रीपति कण्ठ लगावैं।।
सनकादिक ब्रह्मादि मुनीसा। नारद सारद - सहित अहीसा।।
यम कुबेर दिग-पाल जहाँ ते। कवि कोबिद कहि सके कहाँ ते।।
तुम उपकार सुग्रीवहिं कीन्हा। राम मिलाय राज - पद दीन्हा।।
तुम्हरो मन्त्र विभीषण माना। लङ्केश्वर भए सब जग जाना।।
युग सहस्त्र योजन पर भानू। लील्यो ताहि मधुर फल जानू।।

प्रभु मुद्रिका मेलि मुख माहीं। जलधि लाँघि गए अचरज नाहीं।।
दुर्गम काज जगत के जेते। सुगम अनुग्रह तुम्हरे तेते।।
राम दुआरे तुम रखवारे।। होत न आज्ञा बिनु पैसारे।।
सब सुख लहै तुम्हारी सरना। तुम रक्षक काहू को डरना।।
आपन तेज सम्हारो आपै। तीनों लोक हाँक ते काँपै।।
भूत-पिसाच निकट नहिं आवै। महाबीर जब नाम सुनावै।।
नासै रोग हरै सब पीरा। जपत निरन्तर हनुमत बीरा।।
सङ्कट ते हनुमान छुड़ावै। मन क्रम बचन ध्यान जो लावै।।
सब पर राम तपस्वी राजा। तिन के काज सकल तुम साजा।।
और मनोरथ जो कोई लावै। तासु अमित जीवन-फल पावै।।
चारों युग परताप तुम्हारा। है परसिद्ध जगत उजियारा।।
साधु-सन्त के तुम रखवारे। असुर-निकन्दन राम-दुलारे।।
अष्ट-सिद्धि नौ निधि के दाता। अस बर दीन्ह जानकी माता।।
राम - रसायन तुम्हरे पासा। सदा रहो रघुपति के दासा।।
तुम्हरे भजन राम को भावै। जन्म-जन्म के दुख बिसरावै।।
अन्त काल रघुबर पुर जाई। जहाँ जन्म हरि-भक्त कहाई।।
और देवता चित्त न धरई। हनुमत सेइ सर्ब सुख करई।।
सङ्कट कटै मिटै सब पीरा। जो सुमिरै हनुमत बल-बीरा।।
जै जै जै हनुमान गोसाईं। कृपा करहु गुरुदेव की नाईं।।
यह सत बार पाठ कर जोई। छूटइ बन्दि महा-सुख होई।।
जो यह पढ़ै हनुमान-चालीसा। होय सिद्धि, साखी गौरीसा।।
'तुलसीदास' सदा हरि चेरा । कीजै नाथ हृदय महँ डेरा।।

पवन- तनय सङ्कट हरन, मङ्गल-मूरति रूप।
राम-लषन-सीता-सहित, हृदय बसहु सुर-भूप।।

★★★

श्रीबजरङ्ग-बाण

पहले हाथ जोड़कर **श्रीमहा-वीर हनुमान् जी** को निम्न वन्दना से सभक्ति प्रणाम करें—

अतुलित-बल-धामं, स्वर्ण-शैलाभ-देहम्। दनुज-वन-कृशानुं, ज्ञानिनामग्र-गण्यम्॥
सकल-गुण-निधानं, वानराणामधीशम्। रघुपति-प्रिय-भक्तं, वात - जातं नमामि॥

प्रणाम करने के बाद **श्रीहनुमान् जी** का मानसिक पूजन या मूर्ति, चित्रादि का बाह्य पूजन कर '**श्रीबजरङ्ग-बाण**' का पाठ करें। यथा—

॥ दोहा ॥

निश्चय प्रेम-प्रतीति ते, विनय करै सह मान। तेहि के कारज सकल शुभ, सिद्ध करैं हनुमान॥

॥ चौपाई ॥

जय हनुमन्त! सन्त-हितकारी। सुन लीजे प्रभु! विनय हमारी॥ १
जन के काज विलम्ब न कीजै। आतुर दौरि महा-सुख दीजै॥२
जैसे कूदि सिन्धु के पारा। सुरसा - वदन पैठि विस्तारा ॥३
आगे जाय लङ्किनी रोका। मारेहु लात—गई सुर-लोका ॥४
जाय विभीषण को सुख दीन्हा। सीता निरखि परम पद लीन्हा॥५
बाग उजारि सिन्धु मँह बोरा। अति आतुर यम कातर तोरा॥६
अखय-कुमार मारि संहारा। लूम लपेट लङ्क को जारा॥७
लाह समान लङ्क जरि गई। जै-जै ध्वनि सुर-पुर नभ भई॥८
अब विलम्ब केहि कारण स्वामी? कृपा करहु प्रभु! अन्तर्यामी!॥९
जय-जय लखन-प्राण के दाता! आतुर ह्वै दुख करहु निपाता ॥१०
जै गिर-धर ! जै-जै सुख-सागर। सुर-समूह समरथ भट-नागर!॥११
ॐ हनु-हनु-हनु हनुमन्त हठीले! बैरिही मारु बज्र-सम मीले॥१२
गदा-बज्र लै बैरिहि मारौ। महा-राज! निज दास उबारौ॥१३
ॐकार हुङ्कार करि धावौ। वज्र-गदा हनु! विलम्ब न लावौ॥१४
ॐ ह्रीं ह्रीं ह्रीं हनुमन्त कपीशा! ॐ हुँ हुँ हुँ हनु! अरि-उर सीसा॥१५
सत्य होहु हरि सपथ पाय कै। राम-दूत! धरु मारु धाय कै॥१६
जै हनुमन्त! अनन्त अगाधा! दुख पावत जन केहि अपराधा॥१७
पूजा-जप-तप-नेम-अचारा। नहिं जानत कछु दास तुम्हारा॥१८
वन-उपवन-जल-थल-गृह माहीं। तुम्हरे बल हम डरपत नाहीं॥१९
पाँव परौं कर जोरि मनावौं। अपने काज लागि गुण गावौं॥२०
जै अञ्जनी-कुमार! बल-वन्ता! शङ्कर-सुवन वीर हनुमन्ता!॥२१
वदन कराल! काल-कुल-घातक! राम-सहाय! सदा प्रति-पालक!॥२२
भूत-प्रेत-पिशाच-निशाचर। अगिन-बेताल-काल-मारी -मर॥२३

इन्हें मारु, तोहिं शपथ राम की। राखु नाथ! मर्याद नाम की॥२४
जनक-सुता-हरि-दास कहावौ। ताकी सपथ विलम्ब न लावौ॥२५
जै-जै-जै ध्वनि होत अकाशा। सुमिरत होत दुसह दुख नाशा॥२६
चरण-शरण कर जोरि मनावौं। एहि अवसर अब केहि गोहरावौं?॥२७
उठ-उठ चल तोहि राम-दुहाई। पाँय परौं कर जोरि मनाई॥२८
ॐ चं-चं-चं-चं चपल चलन्ता। ॐ हनु-हनु-हनु-हनु-हनु हनुमन्ता॥२९
ॐ हं-हं हाँक देत कपि चञ्चल। ॐ सं-सं सहमि पराने खल-दल॥३०
अपने जन कौं तुरत उबारौ। सुमिरत होय आनन्द हमारौ॥३१
ताते विनती करौं पुकारी। हरहु सकल दुःख विपति हमारी॥३२
ऐसौ बल-प्रभाव प्रभु! तोरा। कस न हरहु दुःख-सङ्कट मोरा?॥३३
हे बजरङ्ग! बाण-सम धावौ। मेटि सकल दुःख दरस दिखावौ॥३४
हे कपि-राज! काज कब ऐहौ? अवसर चूकि अन्त पछतैहौ॥३५
जन की लाज जात एहि बारा। धावहु हे कपि! पवन-कुमारा! ॥३६
जयति-जयति जै-जै हनुमाना! जयति-जयति गुण-ज्ञान-निधाना!॥३७
जयति-जयति जै-जै कपि-राई! जयति-जयति जै-जै सुख-दाई॥३८
जयति-जयति,जै राम-पियारे! जयति-जयति जै, सिया-दुलारे॥३९
जयति-जयति मुद-मङ्गल-दाता!जयति-जयति त्रिभुवन-विख्याता!॥४०
एहि प्रकार गावत गुण शेषा। पावत पार नहीं लव-लेसा॥४१
राम - रूप सर्वत्र समाना। देखत रहत सदा हर्षाना॥४२
विधि-सारदा-सहित दिन-राती। गावत कपि के गुन बहु भाँती॥४३
तुम सम नहीं जगत बलवाना। करि विचार देखउँ विधि नाना॥४४
यह जिय जानि शरण तव आई। ताते विनय करौं चित लाई॥४५
सुनि कपि! आरत-वचन हमारे। मेटहु सकल दुःख - भ्रम भारे॥४६
एहि प्रकार विनती कपि केरी। जो जन करै, लहै सुख-ढेरी॥४७
याके पढ़त वीर हनुमाना। धावत बाण - तुल्य बलवाना॥४८
मेटत आय दुःख छिन माहीं। दै दर्शन रघुपति ढिंग जाहीं॥४९
पाठ करे 'बजरङ्ग-बाण' की। हनुमत रक्षा करैं प्राण की॥५०
डीठ-मूठ-टोनादिक नासै। पर-कृत यन्त्र - मन्त्र नहिं त्रासै॥५१
भैरवादि सुर करैं मिताई। आयसु मानि करैं सेवकाई॥५२
प्रण करि पाठ करै मन लाई। अल्प-मृत्यु ग्रह-दोष नशाई॥५३
आवृत ग्यारह प्रति-दिन जापै। ताकी छाँह काल नहिं व्यापै॥५४
दै गूगुल की धूप हमेशा। करै पाठ तन मिटै कलेशा॥५५
यह 'बजरङ्ग-बाण' जेहि मारै। ताहि कहौ, फिर कौन उबारै?॥५६
शत्रु-समूह मिटै सब आपै। देखत ताहि सुरासुर काँपै॥५७
तेज प्रताप - बुद्धि अधिकाई। रहै सदा कपि-राज सहाई॥५८

॥दोहा॥

प्रेम प्रतीतिहिं कपि भजै, सदा धरै उर ध्यान। तेहि के कारज तुरत ही, सिद्ध करैं हनुमान॥

श्रीहनुमदष्टोत्तर-शत-नामावली

१ ॐ आञ्जनेयाय नमः।
२ ॐ महा-वीराय नमः।
३ ॐ हनुमते नमः।
४ ॐ मारुतात्मजाय नमः।
५ ॐ तत्त्व-ज्ञान-प्रदाय नमः।
६ ॐ सीता-देवी-मुद्रा-प्रदायकाय नमः।
७ ॐ अशोक-वनिका-छेत्रे नमः।
८ ॐ सर्व-माया-विभञ्जनाय नमः।
९ ॐ सर्व-बन्ध-विमोक्त्रे नमः।
१० ॐ रक्षो-विध्वंस-कारकाय नमः।
११ ॐ पर-विद्या-परीहाराय नमः।
१२ ॐ पर-शौर्य-विनाशनाय नमः।
१३ ॐ पर-मन्त्र-निराकर्त्रे नमः।
१४ ॐ पर-यन्त्र-प्रभेदकाय नमः।
१५ ॐ सर्व-ग्रह-विनाशाय नमः।
१६ ॐ भीमसेन-सहाय-कृते नमः।
१७ ॐ सर्व-दुःख-हराय नमः।
१८ ॐ सर्व-लोक-चारिणे नमः।
१९ ॐ मनोजवाय नमः।
२० ॐ पारिजात-द्रुम-मूलस्थाय नमः।
२१ ॐ सर्व-मन्त्र-स्वरूपवते नमः।
२२ ॐ सर्व-तन्त्र-स्वरूपाय नमः।
२३ ॐ सर्व-यन्त्रात्मकाय नमः।
२४ ॐ शिवाय नमः।
२५ ॐ कपीश्वराय नमः।
२६ ॐ महा-काव्याय नमः।
२७ ॐ सर्व-रोग-हराय नमः।
२८ ॐ प्रभवे नमः।
२९ ॐ कपि-सेना-नायकाय नमः।
३० ॐ भविष्य-चतुराननाय नमः।
३१ ॐ कुमार-ब्रह्मचारिणे नमः।
३२ ॐ रत्न-कुण्डल-दीप्ति-मते नमः।
३३ ॐ सञ्चलद्-बाल-सन्नद्ध- लम्बमान-शिखोज्ज्वलाय नमः।
३४ ॐ गन्धर्व-विद्या-तत्त्वज्ञाय नमः।
३५ ॐ महा-बल-पराक्रमाय नमः।
३६ ॐ कारागृह-विमोक्त्रे नमः।
३७ ॐ शृङ्खला-बन्ध-मोचकाय नमः।
३८ ॐ सागरोत्तारकाय नमः।
३९ ॐ प्राज्ञाय नमः।
४० ॐ राम-दूताय नमः।
४१ ॐ प्रताप-वते नमः।
४२ ॐ वानराय नमः।
४३ ॐ केसरी-सूनवे नमः।
४४ ॐ सीता-शोक-निवारकाय नमः।
४५ ॐ अञ्जना-गर्भ-सम्भूताय नमः।
४६ ॐ बालार्क-सदृशाननाय नमः।
४७ ॐ विभीषण-प्रियंकर्त्रे नमः।
४८ ॐ दश-ग्रीव-कुलान्तकाय नमः।
४९ ॐ लक्ष्मण-प्राण-दात्रे नमः।
५० ॐ बज्र-कायाय नमः।
५१ ॐ महा-द्युतये नमः।

५२ ॐ चिरञ्जीविने नमः।
५३ ॐ राम-भक्ताय नमः।
५४ ॐ दैत्य-कार्य-विघातकाय नमः।
५५ ॐ अक्ष-हन्त्रे नमः।
५६ ॐ काञ्चनाभाय नमः।
५७ ॐ पञ्च-वक्त्राय नमः।
५८ ॐ महा-तपसे नमः।
५९ ॐ लङ्किनी - भञ्जकाय नमः।
६० ॐ श्रीमते नमः।
६१ ॐ सिंहिका-प्राण-भञ्जनाय नमः।
६२ ॐ गन्ध-मादन-शैलस्थाय नमः।
६३ ॐ लङ्का-पुर-विनाशकाय नमः।
६४ ॐ सुकण्ठ-सचिवाय नमः।
६५ ॐ धीराय नमः।
६६ ॐ शूराय नमः।
६७ ॐ दैत्य-कुलान्तकाय नमः।
६८ ॐ सुरार्चिताय नमः।
६९ ॐ महा-तेजसे नमः।
७० ॐ राम-चूडामणि-प्रदाय नमः।
७१ ॐ काम-रूपिणे नमः।
७२ ॐ पिङ्गलाक्षाय नमः।
७३ ॐ वार्धि-मैनाक-पूजिताय नमः।
७४ ॐ कवलीकृत-मार्तण्ड-मण्डलाय नमः।
७५ ॐ विजितेन्द्रियाय नमः।
७६ ॐ राम-सुग्रीव-सन्धात्रे नमः।
७७ ॐ महीरावण-मर्दनाय नमः।
७८ ॐ स्फटिकाभाय नमः।
७९ ॐ वागधीशाय नमः।
८० ॐ नव-व्याकृति-पण्डिताय नमः।
८१ ॐ चतुर्बाहवे नमः।
८२ ॐ दीन-बन्धवे नमः।
८३ ॐ महात्मने नमः।
८४ ॐ भक्त-वत्सलाय नमः।
८५ ॐ सञ्जीवन - शैल-हर्त्रे नमः।
८६ ॐ शुचये नमः।
८७ ॐ वाग्मिने नमः।
८८ ॐ दृढ-व्रताय नमः।
८९ ॐ कालनेमि-प्रमथनाय नमः।
९० ॐ हरि-मर्कट-मर्कटाय नमः।
९१ ॐ दान्ताय नमः।
९२ ॐ शान्ताय नमः।
९३ ॐ प्रसन्नात्मने नमः।
९४ ॐ दश-कण्ठ-मदापहर्त्रे नमः।
९५ ॐ योगिने नमः।
९६ ॐ राम-कथा-लोलाय नमः।
९७ ॐ सीतान्वेषण-पण्डिताय नमः।
९८ ॐ वज्र-दंष्ट्राय नमः।
९९ ॐ वज्र-नखाय नमः।
१०० ॐ रुद्र-वीर्य-समुद्भवाय नमः।
१०१ ॐ इन्द्रजित्-प्रहितामोघ-ब्रह्मास्त्र-
विनिवारकाय नमः।
१०२ ॐ पार्थ-ध्वजाग्र-संवासिने नमः।
१०३ ॐ शर-पञ्जर-भेदकाय नमः।
१०४ ॐ दश-बाहवे नमः।
१०५ ॐ लोक-पूज्याय नमः।
१०६ ॐ जाम्बवत्-प्रीति-वर्धनाय नमः।
१०७ ॐ शाकिनी-डाकिनी-यक्ष-
रक्षो-भूत-प्रभञ्जकाय नमः।
१०८ ॐ सीता-समेत-श्रीराम-पाद-
सेवा-धुरन्धराय नमः।

लक्ष्मी-प्राप्ति हेतु

गणेश भगवान् की सरल सिद्धि-साधना

माँ विन्ध्य-वासिनी के मन्दिर, **विन्ध्याचल, मिर्जापुर (उ० प्र०)** में १४ जनवरी, १९७४ को एक महात्मा सँन्यासी ने '**भोज-पत्र**' पर निम्न-लिखित मन्त्र लिखकर दिया था। महात्मा सँन्यासी ने कहा था कि—"**गणेश भगवान्** की छोटी-सी प्रतिमा अपने सामने रखकर ध्यान / पूजन कर '**गणेश-चतुर्थी**' अथवा '**दीपावली**' से निम्न-लिखित स्तोत्र-मन्त्र का एक बार पाठ नित्य भावार्थ समझते हुए करें। इससे **जीविका का साधन, लक्ष्मी** तथा **सुख-शान्ति** की प्राप्ति होती है। '**दीपावली**' से प्रारम्भ करें, तो '**दीपावली**'-**पूजन** सम्पन्न कर **भ० गणेश-लक्ष्मी की नवीन मूर्ति** के सामने '**पाठ**' करें। फिर नित्य करें।"

● **पं. कृपाशङ्कर दुबे, कानपुर (उ. प्र.)**

॥ मूल स्तोत्र-पाठ ॥

ॐ नमो विघ्न-राजाय, सर्व-सौख्य-प्रदायिने!
दुष्टारिष्ट-विनाशाय, पराय परमात्मने!॥१॥
लम्बोदरं महा-वीर्यं, नाग-यज्ञोप-शोभितम्।
अर्ध-चन्द्र-धरं देवं, विघ्न-व्यूह-विनाशनम्॥२॥
ॐ ह्रां ह्रीं ह्रूं ह्रैं ह्रौं ह्रः श्रीहेरम्बाय नमो नमः।
सर्व-सिद्धि-प्रदोऽसि त्वं, सिद्ध-बुद्धि-प्रदो भव।
चिन्तितार्थ-प्रद्-सत्वं हि, सततं मोदक-प्रियः।
सिन्दूरारुण-वस्त्रश्च, पूजितो वर-दायकः॥३॥

॥ फल-श्रुति ॥

इदं गणपति-स्तोत्रं, यः पठेद् भक्तिमान् नरः।
तस्य देहं च गेहं, स्वयं लक्ष्मीर्न मुञ्चति॥१॥

अर्थात् **सर्व सुख प्रदान करनेवाले, दुष्ट अरिष्ट ग्रहों का नाश करनेवाले, लम्बोदर, महा पराक्रमी, नाग-यज्ञोपवीत से सु-शोभित, अर्ध-चन्द्र-धारी, विघ्न-समूह का विनाश करनेवाले, परात्पर परमात्मा-स्वरूप विघ्न-राज गणेश** को नमस्कार है। **ॐ ह्रां ह्रीं ह्रूं ह्रैं ह्रौं ह्रः श्री हेरम्ब** को नमस्कार है। आप सर्व-सिद्धियों के देनेवाले हो, हमारे लिए **सिद्ध-बुद्धि-प्रदाता** होओ। आप मन के द्वारा चिन्तित अर्थ (धन) को देनेवाले हो, आपको मोदक (लड्डू) सदा प्रिय है। सिन्दूर और लाल वस्त्र से पूजित होकर आप सदा वर प्रदान करते हो।

'**फल-श्रुति**'—जो मनुष्य भक्ति से युक्त होकर उक्त **गणपति स्तोत्र** का पाठ करता है, स्वयं **भगवती लक्ष्मी** उसके शरीर तथा घर को नहीं छोड़ती। ●●●

श्रीगणेश अष्टोत्तर-शत-नामावली

** 'कुल-वाणी-रत्न' श्री अनिल गोविन्द बोकील, श्रीदेवी-संस्थान, १८ / १३, गोंधले नगर, पुणे*

ॐ विघ्नेशाय नमः।
ॐ विश्व-वरदाय नमः।
ॐ विश्व-चक्षुषे नमः।
ॐ जगत्-प्रभवे नमः।
ॐ हिरण्य-रूपाय नमः।
ॐ सर्वात्मने नमः।
ॐ ज्ञान-रूपाय नमः।
ॐ जगन्मयाय नमः।
ॐ ऊर्ध्व-रेतसे नमः।
ॐ महा-बाहवे नमः॥१०॥
ॐ अमेयाय नमः।
ॐ अमित-विक्रमाय नमः।
ॐ वेद-वेद्याय नमः।
ॐ महा-कालाय नमः।
ॐ विद्या-निधये नमः।
ॐ अनामयाय नमः।
ॐ सर्वज्ञाय नमः।
ॐ सर्वगाय नमः।
ॐ शान्ताय नमः।
ॐ गजास्याय नमः॥२०॥
ॐ चित्तेश्वराय नमः।
ॐ विगत-ज्वराय नमः।
ॐ विश्व-मूर्तये नमः।
ॐ अमेयात्मने नमः।
ॐ विश्वाधाराय नमः।
ॐ सनातनाय नमः।

ॐ साम-गायाय नमः
ॐ प्रियाय नमः।
ॐ मन्त्रिणे नमः।
ॐ सत्त्वाधाराय नमः॥३०॥
ॐ सुराधीशाय नमः।
ॐ समस्त-साक्षिणे नमः।
ॐ निर्द्वन्द्वाय नमः।
ॐ निर्लोकाय नमः।
ॐ अमोघ-विक्रमाय नमः।
ॐ निर्मलाय नमः।
ॐ पुण्याय नमः।
ॐ कामदाय नमः।
ॐ कान्तिदाय नमः।
ॐ काम-रूपिणे नमः॥४०॥
ॐ काम-पोषणे नमः।
ॐ कमलाक्षाय नमः।
ॐ गजाननाय नमः।
ॐ सुमुखाय नमः।
ॐ शर्मदाय नमः।
ॐ मूषकाधिप-वाहनाय नमः।
ॐ शुद्धाय नमः।
ॐ दीर्घ-तुण्डाय नमः।
ॐ श्रीपतये नमः।
ॐ अनन्ताय नमः॥५०॥
ॐ मोह-वर्जिताय नमः।
ॐ वक्र-तुण्डाय नमः।

ॐ शूर्प-कर्णाय नमः।
ॐ परमाय नमः।
ॐ योगीशाय नमः।
ॐ योग-धाम्ने नमः।
ॐ उमा-सुताय नमः।
ॐ आपद्धन्त्रे नमः।
ॐ एक-दन्ताय नमः।
ॐ महा-ग्रीवाय नमः।।६०।।
ॐ शरण्याय नमः।
ॐ सिद्ध-सेनाय नमः।
ॐ करुणाय नमः।
ॐ सिद्धाय नमः।
ॐ भगवते नमः।
ॐ अव्यग्राय नमः।
ॐ विकटाय नमः।
ॐ कपिलाय नमः।
ॐ ढुण्ढि-राजाय नमः।।७०।।
ॐ उग्राय नमः।
ॐ भीमोदराय नमः।
ॐ शुभाय नमः।
ॐ गणाध्यक्षाय नमः।
ॐ गणेशाय नमः।
ॐ गणाराध्याय नमः।
ॐ गण-नायकाय नमः।
ॐ ज्योतिः-स्वरूपाय नमः।
ॐ भूतात्मने नमः।
ॐ धूम्र-केतवे नमः।।८०।।
ॐ अनुकूलाय नमः।
ॐ कुमार-गुरवे नमः।

ॐ आनन्दाय नमः।
ॐ हेरम्बाय नमः।
ॐ वेद-स्तुताय नमः।
ॐ नाग-यज्ञोपवीतिने नमः।
ॐ दुर्धर्षाय नमः।
ॐ बाल-दूर्वांकुर-प्रियाय नमः।
ॐ भाल-चन्द्राय नमः।
ॐ विश्व-धात्रे नमः।।६०।।
ॐ शिव-पुत्राय नमः।
ॐ विनायकाय नमः।
ॐ लीला-सेविताय नमः।
ॐ पूर्णाय नमः।
ॐ परम-सुन्दराय नमः।
ॐ विघ्नान्धकाराय नमः।
ॐ सिन्दूर-वरदाय नमः।
ॐ नित्याय नमः।
ॐ विभवे नमः।
ॐ प्रथम-पूजिताय नमः।।१००।।
ॐ दिव्य-पादाब्जाय नमः।
ॐ भक्त-मन्दराय नमः।
ॐ महा - शूराय नमः
ॐ रत्न-सिंहासनाय नमः।
ॐ मणि-कुण्डल-मण्डिताय नमः।
ॐ भक्त-कल्याणाय नमः।
ॐ अमेयाय नमः।
ॐ कल्याण-गुरवे नमः।।१०८।।
ॐ सहस्र-शीर्ष्णे नमः।
ॐ महा-गणपतये नमः।।११०।।

★ ★ ★

'नामावली' - जप के बाद **'दुर्वांकुरान् समर्पयामि'** दूब के अंकुर समर्पित कर **'आरती'** करें।

श्रीमहा-गण-पति सहस्र-नाम-जप-प्रयोग

सङ्कल्प— ॐ विष्णुः विष्णुः विष्णुः, तत् सत्। अद्यैतस्य ब्रह्मणोऽह्नि द्वितीय-प्रहरार्द्धे, श्वेत-वराह-कल्पे, जम्बू-द्वीपे, भरत-खण्डे, आर्यावर्त-देशे, पुण्य-क्षेत्रे, कलि-युगे, कलि-प्रथम-चरणे, अमुक (.....) सम्वत्सरे, अमुक-मासे, अमुक-पक्षे, अमुक-तिथौ, अमुक-वासरे, अमुक-गोत्रः, अमुक-शर्मा (वर्मा, गुप्तो, दासो), अहं श्रीमहा-देव-प्रीत्यर्थं सहस्र-नाम-मन्त्रैः यथा-शक्ति यजनं करिष्ये।

विनियोग— ॐ अस्य श्रीमहा-गण-पति-सहस्र-नामावलि-महा-मन्त्रस्य श्रीगणेश ऋषिः। अनुष्टुप् छन्दः। श्रीमहा-गण-पतिः देवता। गं वीजं। हुं शक्तिः। स्वाहा कीलकं। श्रीमहा-गण-पति-प्रसाद-सिद्धयर्थे जपे विनियोगः।

ऋष्यादि-न्यास— श्रीगणेश-ऋषये नमः शिरसि। अनुष्टुप्-छन्दसे नमः मुखे। श्रीमहा-गण-पति-देवतायै नमः हृदि। गं-वीजाय नमः गुह्ये। हुं शक्तये नमः नाभौ। स्वाहा-कीलकाय नमः पादयो। श्रीमहा-गण-पति प्रीत्यर्थे जपे विनियोगाय नमः सर्वाङ्गे।

कर-न्यास— गां अंगुष्ठाभ्यां नमः। गीं तर्जनीभ्यां नमः। गूं मध्यमाभ्यां नमः। गैं अनामिकाभ्यां नमः। गौं कनिष्ठिकाभ्यां नमः। गः करतल-कर-पृष्ठाभ्यां नमः।

अङ्ग-विन्यास— गां हृदयाय नमः। गीं शिरसे स्वाहा। गूं शिखायै वषट्। गैं कवचाय हुं। गौं नेत्र-त्रयाय वौषट्। गः अस्त्राय फट्।

दिग्-बन्धन— 'भूर्भुवः स्वः ॐ' से।

ध्यान—

पञ्च-वक्त्रो दश-भुजो, ललाटेन्दुः शशि-प्रभः।
मुण्ड-मालः सर्प-भूषो, मुकुटाङ्गद-भूषणः॥
अग्न्यर्क-शशिनो भाभिः, तिरस्कुर्वन् दशायुधः।
सर्व-विघ्न-हरो देवः, तं ध्यायामि दिवा-निशम्॥

अर्थात् पाँच मुख, दश भुजाओं, मस्तक पर चन्द्र, चन्द्रमा जैसी आभावाले, मुण्ड-माला-धारी, सर्पों से विभूषित, मुकुट एवं अङ्गद से सुशोभित, अग्नि-सूर्य-चन्द्र-जैसी ज्योतिवाले, दशायुध का तिरस्कार करनेवाले, सर्व-विघ्न-हारी श्री महा-गण-पति भगवान् का मैं अहर्निश ध्यान करता हूँ।

मानस-पूजन— लं पृथिव्यात्मने श्रीमहा-गण-पतये गन्धं लेपयामि। हं आकाशात्मने श्रीमहा-गण-पतये पुष्पाणि समर्पयामि। यं वाय्वात्मने श्रीमहा-गण-पतये धूपं घ्रापयामि। रं अग्न्यात्मने श्रीमहा-गण-पतये दीपं दर्शयामि। वं अमृतात्मने श्रीमहा-गण-पतये नैवेद्यं निवेदयामि।

श्रीमहा-गण-पति-सहस्र-नामावलिः

ॐ गणेश्वराय नमः
ॐ गण-क्रीडाय नमः
ॐ गण-नाथाय नमः
ॐ गणाधिपाय नमः
ॐ एक-दंष्ट्राय नमः
ॐ वक्र-तुण्डाय नमः
ॐ गज-वक्त्राय नमः
ॐ महोदराय नमः
ॐ लम्बोदराय नमः
ॐ धूम्र-वर्णाय नमः ॥ १० ॥
ॐ विकटाय नमः
ॐ विघ्न-नायकाय नमः
ॐ सु-मुखाय नमः
ॐ दुर्मुखाय नमः
ॐ बुद्धाय नमः
ॐ विघ्न-राजाय नमः
ॐ गजाननाय नमः
ॐ भीमाय नमः
ॐ प्रमोदाय नमः
ॐ आमोदाय नमः ॥ २० ॥
ॐ सुरानन्दाय नमः
ॐ मदोत्कटाय नमः
ॐ हेरम्बाय नमः
ॐ शम्बराय नमः
ॐ शम्भवे नमः
ॐ लम्ब-कर्णाय नमः
ॐ महा-बलाय नमः

ॐ नन्दनाय नमः
ॐ अ-लम्पटाय नमः
ॐ अ-भीरवे नमः ॥ ३० ॥
ॐ मेघ-नादाय नमः
ॐ गणञ्जयाय नमः
ॐ विनायकाय नमः
ॐ विरूपाक्षाय नमः
ॐ धीर-शूराय नमः
ॐ वर-प्रदाय नमः
ॐ महा-गणपतये नमः
ॐ बुद्धि-प्रियाय नमः
ॐ क्षिप्र-प्रसादनाय नमः
ॐ रुद्र-प्रियाय नमः ॥ ४० ॥
ॐ गणाध्यक्षाय नमः
ॐ उमा-पुत्राय नमः
ॐ अघ-नाशनाय नमः
ॐ कुमार-गुरवे नमः
ॐ ईशान-पुत्राय नमः
ॐ मूषक-वाहनाय नमः
ॐ सिद्धि-प्रियाय नमः
ॐ सिद्धि-पतये नमः
ॐ सिद्धाय नमः
ॐ सिद्धि-विनायकाय नमः
ॐ अ-विघ्नाय नमः
ॐ तुम्बुरवे नमः
ॐ सिंह-वाहनाय नमः
ॐ मोहिनी-प्रियाय नमः

ॐ कटङ्कटाय नमः
ॐ राज-पुत्राय नमः
ॐ शालकाय नमः
ॐ सम्मिताय नमः
ॐ अमिताय नमः
ॐ कूष्माण्ड-साम-सम्भूतये नमः
ॐ दुर्जयाय नमः
ॐ धूर्जयाय नमः
ॐ जयाय नमः
ॐ भू-पतये नमः
ॐ भुवन-पतये नमः
ॐ भूतानां पतये नमः
ॐ अव्ययाय नमः
ॐ विश्व-कर्त्रे नमः
ॐ विश्व-मुखाय नमः
ॐ विश्व-रूपाय नमः ॥ ७० ॥
ॐ निधये नमः
ॐ घृणये नमः
ॐ कवये नमः
ॐ कवीनामृषभाय नमः
ॐ ब्रह्मण्याय नमः
ॐ ब्रह्मणस्पतये नमः
ॐ ज्येष्ठ-राजाय नमः
ॐ निधि-पतये नमः
ॐ निधि-प्रिय-पति-प्रियाय नमः
ॐ हिरण्मय-पुरान्तः-स्थाय नमः
ॐ सूर्य-मण्डल-मध्यगाय नमः

ॐ कराहति-ध्वस्त-सिन्धु-
सलिलाय नमः
ॐ पूष-दन्त-भिदे नमः
ॐ उमाङ्क-केलि-कुतुकिने नमः
ॐ मुक्तिदाय नमः
ॐ कुल-पालनाय नमः
ॐ किरीटिने नमः
ॐ कुण्डलिने नमः
ॐ हारिणे नमः
ॐ वन-मालिने नमः ॥ ९० ॥
ॐ मनो-मयाय नमः
ॐ वैमुख्य-हत-दैत्य-श्रिये नमः
ॐ पादाहति-जित-क्षितये नमः
ॐ सद्योजात-स्वर्ण-
मुञ्ज-मेखलिने नमः
ॐ दुर्निमित्त-हृते नमः
ॐ दुस्स्वप्न-हृते नमः
ॐ प्र-सहनाय नमः
ॐ गुणिने नमः
ॐ नाद-प्रतिष्ठिताय नमः
ॐ सु-रूपाय नमः ॥ १०० ॥
ॐ सर्व-नेत्राधि-वासाय
नमः
ॐ वीरासनाश्रयाय नमः
ॐ पीताम्बराय नमः
ॐ खण्ड-रदाय नमः
ॐ खण्डेन्दु-कृत-शेखराय नमः
ॐ चित्राङ्क-श्याम-
दशनाय नमः
ॐ भाल-चन्द्राय नमः

ॐ चतुर्भुजाय नमः
ॐ योगाधिपाय नमः
ॐ तारकस्थाय नमः ॥ ११० ॥
ॐ पुरुषाय नमः
ॐ गज-कर्णकाय नमः
ॐ गणाधि-राजाय नमः
ॐ विजय-स्थिराय नमः
ॐ गज-पति-ध्वजिने नमः
ॐ देव-देवाय नमः
ॐ स्मर-प्राण-दीपकाय नमः
ॐ वायु-कीलकाय नमः
ॐ विपश्चिद्-वरदाय नमः
ॐ नादोन्नाद-भिन्न-
बलाहकाय नमः ॥ १२० ॥
ॐ वराह-रदनाय नमः
ॐ मृत्युञ्जयाय नमः
ॐ व्याघ्राजिनाम्बराय नमः
ॐ इच्छा-शक्ति-धराय नमः
ॐ देव-त्रात्रे नमः
ॐ दैत्य-विमर्दनाय नमः
ॐ शम्भु-वक्त्रोद्भवाय नमः
ॐ शम्भु-कोपघ्ने नमः
ॐ शम्भु-हास्य-भुवे नमः
ॐ शम्भु-तेजसे नमः ॥ १३० ॥
ॐ शिवा-शोक-हारिणे नमः
ॐ गौरी-सुखावहाय नमः
ॐ उमाङ्ग-मलजाय नमः
ॐ गौरी-तेजो-भुवे नमः
ॐ स्वर्धुनी-भवाय नमः
ॐ यज्ञ-कायाय नमः

ॐ महा-नादाय नमः
ॐ गिरि-वर्ष्मणे नमः
ॐ शुभाननाय नमः
ॐ सर्वात्मने नमः ॥ १४० ॥
ॐ सर्व-देवात्मने नमः
ॐ ब्रह्म-मूर्ध्ने नमः
ॐ ककुप्-छुतये नमः
ॐ ब्रह्माण्ड-कुम्भाय नमः
ॐ चिद्-व्योम-भालाय नमः
ॐ सत्य-शिरोरुहाय नमः
ॐ जगज्जन्म-लयोन्मेष-
निमेषाय नमः
ॐ अग्नयर्क-सोम-दृशे नमः
ॐ गिरीन्द्रैक-रदाय नमः
ॐ धर्माधर्मोष्ठाय नमः
ॐ साम-बृंहिताय नमः
ॐ ग्रहर्क्ष-दशनाय नमः
ॐ वाणी-जिह्वाय नमः
ॐ वासव-नासिकाय नमः
ॐ कुलाचलांसाय नमः
ॐ सोमार्क-घण्टाय नमः
ॐ रुद्र-शिरो-धराय नमः
ॐ नदी-नद-भुजाय नमः
ॐ सर्पांगुलीकाय नमः
ॐ तारका-नखाय नमः ॥ १६० ॥
ॐ भ्रू-मध्य-संस्थित-कराय नमः
ॐ ब्रह्म-विद्या-मदोत्कटाय नमः
ॐ व्योम-नाभये नमः
ॐ श्री-हृदयाय नमः
ॐ मेरु-पृष्ठाय नमः

ॐ अर्णवोदराय नमः
ॐ कुक्षिस्थ-यक्ष-गन्धर्व-रक्षः-
किन्नर-मानुषाय नमः
ॐ पृथ्वी-कटये नमः
ॐ सृष्टि-लिङ्गाय नमः
ॐ शैलोरवे नमः ॥ १७० ॥
ॐ दस्र-जानुकाय नमः
ॐ पाताल-जङ्घाय नमः
ॐ मुनि-पदे नमः
ॐ कालाङ्गुष्ठाय नमः
ॐ त्रयी-तनवे नमः
ॐ ज्योतिर्मण्डल-
लाङ्गूलाय नमः
ॐ हृदयालान-निश्चलाय नमः
ॐ हृत्-पद्म-कर्णिका-शालि-
वियत्-केलि-सरोवराय नमः
ॐ सद्-भक्त-ध्यान-निगडाय
नमः
ॐ पूजा-वारी-निवारिताय
नमः ॥ १८० ॥
ॐ प्र-तापिने नमः
ॐ कश्यप-सुताय नमः
ॐ गणपाय नमः
ॐ विष्टपिने नमः
ॐ बलिने नमः
ॐ यशस्विने नमः
ॐ धार्मिकाय नमः
ॐ स्वोजसे नमः
ॐ प्रथमाय नमः
ॐ प्रथमेश्वराय नमः ॥ १९० ॥

ॐ चिन्ता-मणि-द्वीप-
पतये नमः
ॐ कल्प-द्रुम-वनालयाय नमः
ॐ रत्न-मण्डप-मध्यस्थाय नमः
ॐ रत्न-सिंहासनाश्रयाय नमः
ॐ तीव्रा-शिरो-धृत-
पदाय नमः
ॐ ज्वालिनी-मौलि-
लालिताय नमः
ॐ नन्दा-नन्दित-पीठ-
श्रिये नमः
ॐ भोगदा-भूषितासनाय नमः
ॐ स-काम-दायिनी-पीठाय
नमः
ॐ स्फुरदुग्रासनाश्रयाय नमः
ॐ तेजो-वती-शिरो-
रत्नाय नमः
ॐ सत्या-नित्याऽवतंसिताय
नमः
ॐ स-विघ्न-नाशिनी-पीठाय
नमः
ॐ सर्व-शक्त्यम्बुजाश्रयाय नमः
ॐ लिपि-पद्मासनाधाराय नमः
ॐ वह्नि-धाम-त्रयाश्रयाय नमः
ॐ उन्नत-प्रपदाय नमः
ॐ गूढ-गुल्फाय नमः
ॐ संवृत्त-पार्ष्णिकाय नमः
ॐ पीन-जङ्घाय नमः ॥ २१० ॥
ॐ श्लिष्ट-जानवे नमः
ॐ स्थूलोरवे नमः

ॐ प्रोन्नमत्-कटये नमः
ॐ निम्न-नाभये नमः
ॐ स्थूल-कुक्षये नमः
ॐ पीन-वक्षसे नमः
ॐ बृहद्-भुजाय नमः
ॐ पीन-स्कन्धाय नमः
ॐ कम्बु-कण्ठाय नमः
ॐ लम्बोष्ठाय नमः ॥ २२० ॥
ॐ लम्ब-नासिकाय नमः
ॐ भग्न-वाम-रदाय नमः
ॐ तुङ्गाय सव्य-दन्ताय नमः
ॐ महा-हनवे नमः
ॐ ह्रस्व-नेत्र-त्रयाय नमः
ॐ शूर्प-कर्णाय नमः
ॐ निबिड-मस्तकाय नमः
ॐ स्तबकाकार-कुम्भाग्राय नमः
ॐ रत्न-मौलये नमः
ॐ निरंकुशाय नमः ॥ २३० ॥
ॐ सर्प-हार-कटी-सूत्राय नमः
ॐ सर्प-यज्ञोपवीत-वते नमः
ॐ सर्प-कोटीर-कटकाय नमः
ॐ सर्प-ग्रैवेयकाङ्गदाय नमः
ॐ सर्प-कक्षोदराबन्धाय नमः
ॐ सर्प-राजोत्तरीयकाय नमः
ॐ रक्ताय नमः
ॐ रक्ताम्बर-धराय नमः
ॐ रक्त-माल्य-विभूषणाय नमः
ॐ रक्तेक्षणाय नमः ॥ २४० ॥
ॐ रक्त-कराय नमः
ॐ रक्त-ताल्वोष्ठ-पल्लवाय नमः

ॐ श्वेताय नमः
ॐ श्वेताम्बर-धराय नमः
ॐ श्वेत-माल्य-विभूषणाय नमः
ॐ श्वेतात-पत्र-रुचिराय नमः
ॐ श्वेत-चामर-वीजिताय नमः
ॐ सर्वावयव-सम्पूर्ण-सर्व-लक्षण-लक्षिताय नमः
ॐ सर्वाभरण-शोभाढ्याय नमः
ॐ सर्व-शोभा-समन्विताय नमः
ॐ सर्व-मङ्गल-माङ्गल्याय नमः
ॐ सर्व-कारण-कारणाय नमः
ॐ सर्वदैक-कराय नमः
ॐ शार्ङ्गिणे नमः
ॐ बीजापूरिणे नमः
ॐ गदा-धराय नमः
ॐ इक्षु-चाप-धराय नमः
ॐ शूलिने नमः
ॐ चक्र-पाणये नमः
ॐ सरोज-भृते नमः ॥ २६० ॥
ॐ पाशिने नमः
ॐ धृतोत्पलाय नमः
ॐ शालि-मञ्जरी-भृते नमः
ॐ स्व-दन्त-भृते नमः
ॐ कल्प-वल्ली-धराय नमः
ॐ विश्वाभयदैक-कराय नमः
ॐ वशिने नमः
ॐ अक्ष-माला-धराय नमः
ॐ ज्ञान-मुद्रा-वते नमः
ॐ मुद्गरायुधाय नमः ॥ २७० ॥
ॐ पूर्ण-पात्रिणे नमः

ॐ कम्बु-धराय नमः
ॐ विधृतालि-समुद्गकाय नमः
ॐ मातु-लुङ्ग-धराय नमः
ॐ चूत-कलिका-भृते नमः
ॐ कुठार-वते नमः
ॐ पुष्करस्थ-स्वर्ण-घटी-पूर्ण-रत्नाभि-वर्षकाय नमः
ॐ भारती-सुन्दरी-नाथाय नमः
ॐ विनायक-रति-प्रियाय नमः
ॐ महा-लक्ष्मी-प्रियतमाय नमः
ॐ सिद्ध-लक्ष्मी-मनोरमाय नमः
ॐ रमा-रमेश-पूर्वाङ्गाय नमः
ॐ दक्षिणोमा-महेश्वराय नमः
ॐ मही-वराह-वामाङ्गाय नमः
ॐ रति-कन्दर्प-पश्चिमाय नमः
ॐ आमोद-मोद-जननाय नमः
ॐ स-प्रमोद-प्रमोदनाय नमः
ॐ समेधित-समृद्धि-श्रिये नमः ॥ २९० ॥
ॐ ऋद्धि-सिद्धि प्रवर्तकाय नमः
ॐ दत्त-सौमुख्य-सुमुखाय नमः
ॐ कान्ति-कन्दलिताश्रयाय नमः
ॐ मदना-वत्याश्रिताङ्घ्रये नमः
ॐ कृत्त-दौर्मुख्य-दुर्मुखाय नमः
ॐ विघ्न-सम्पल्लवोपघ्न-सेवाय नमः
ॐ उन्निद्र-मद-द्रवाय नमः
ॐ विघ्न-कृन्निघ्न-चरणाय नमः

ॐ द्राविणी-शक्ति-सत्-कृताय नमः
ॐ तीव्रा-प्रसन्न-नयनाय नमः
ॐ ज्वालिनी-पालितैक-दृशे नमः
ॐ मोहिनी-मोहनाय नमः
ॐ भोग-दायिनी-कान्ति-मण्डिताय नमः
ॐ कामिनी-कान्त-वक्त्र-श्रिये नमः
ॐ अधिष्ठित-वसुन्धराय नमः
ॐ वसुन्धरा-मदोन्नद्ध-महा-शङ्ख-निधि-प्रभवे नमः
ॐ नमद्-वसु-मती-मौलि-महा-पद्म-निधि-प्रभवे नमः
ॐ सर्व-सद्-गुरु-संसेव्याय नमः
ॐ शोचिष्केश-हृदाश्रयाय नमः
ॐ ईशान-मूर्ध्ने नमः
ॐ देवेन्द्र-शिखायै नमः
ॐ पवन-नन्दनाय नमः ॥ ३१० ॥
ॐ अग्र-प्रत्यग्र-नयनाय नमः
ॐ दिव्यास्त्राणां प्रयोग-विदे नमः
ॐ ऐरावतादि-सर्वाशा-वारणावरण-प्रियाय नमः
ॐ वज्राद्यस्त्र-परीवाराय नमः
ॐ गण-चण्ड-समाश्रयाय नमः
ॐ जयाजय-परीवाराय नमः
ॐ विजया-विजयावहाय नमः
ॐ अजितार्चित-पादाब्जाय नमः
ॐ नित्यानित्याऽवतंसिताय नमः

ॐ विलासिनी-कृतोल्लासाय नमः
ॐ शौण्डी-सौन्दर्य-मण्डिताय नमः
ॐ अनन्तानन्त-सुखदाय नमः
ॐ सुमङ्गल-सुमङ्गलाय नमः
ॐ इच्छा-शक्ति-ज्ञान-शक्ति-क्रिया-शक्ति-निषेविताय नमः
ॐ सुभगा-संश्रित-पदाय नमः
ॐ ललिता-ललिताश्रयाय नमः
ॐ कामिनी-कामनाय नमः
ॐ काम-मालिनी-केलि-लालिताय नमः
ॐ सरस्वत्याश्रयाय नमः
ॐ गौरी-नन्दनाय नमः ॥ ३३०
ॐ श्री-निकेतनाय नमः
ॐ गुरु-गुप्त-पदाय नमः
ॐ वाचा-सिद्धाय नमः
ॐ वागीश्वरी-पतये नमः
ॐ नलिनी-कामुकाय नमः
ॐ वामा-रामाय नमः
ॐ ज्येष्ठा-मनोरमाय नमः
ॐ रौद्री-मुद्रित-पादाब्जाय नमः
ॐ हुम्बीजाय नमः
ॐ तुङ्ग-शक्तिकाय नमः
ॐ विश्वादि-जनन-त्राणाय नमः
ॐ स्वाहा-शक्तये नमः
ॐ स-कीलकाय नमः
ॐ अमृताब्धि-कृतावासाय नमः

ॐ मद-घूर्णित-लोचनाय नमः
ॐ उच्छिष्ट-गणाय नमः
ॐ उच्छिष्ट-गणेशाय नमः
ॐ गण-नायकाय नमः
ॐ सार्व-कालिक-संसिद्धये नमः
ॐ नित्य-शैवाय नमः ॥ ३५० ॥
ॐ दिगम्बराय नमः
ॐ अनपायाय नमः
ॐ अनन्त-दृष्टये नमः
ॐ अप्रमेयाय नमः
ॐ अजरामराय नमः
ॐ अनाविलाय नमः
ॐ अ-प्रतिरथाय नमः
ॐ अच्युताय नमः
ॐ अमृताय नमः
ॐ अक्षराय नमः ॥ ३६० ॥
ॐ अ-प्रतर्क्याय नमः
ॐ अक्षयाय नमः
ॐ अजय्याय नमः
ॐ अनाधाराय नमः
ॐ अनामयाय नमः
ॐ अमलाय नमः
ॐ अमोघ-सिद्धये नमः
ॐ अद्वैताय नमः
ॐ अघोराय नमः
ॐ अप्रतिमाननाय नमः ॥ ३७०
ॐ अनाकाराय नमः
ॐ अब्धि-भूम्यग्नि-बलघ्नाय नमः

ॐ अव्यक्त-लक्षणाय नमः
ॐ आधार-पीठाय नमः
ॐ आधाराय नमः
ॐ आधाराधेय-वर्जिताय नमः
ॐ आखु-केतनाय नमः
ॐ आशा-पूरकाय नमः
ॐ आखु-महा-रथाय नमः
ॐ इक्षु-सागर-मध्यस्थाय नमः
ॐ इक्षु-भक्षण-लालसाय नमः
ॐ इक्षु-चापातिरेक-श्रिये नमः
ॐ इक्षु-चाप-निषेविताय नमः
ॐ इन्द्र-गोप-समान-श्रिये नमः
ॐ इन्द्र-नील-सम-द्युतये नमः
ॐ इन्दीवर-दल-श्यामाय नमः
ॐ इन्दु-मण्डल-निर्मलाय नमः
ॐ इध्म-प्रियाय नमः
ॐ इडा-भागाय नमः
ॐ इडा-धाम्ने नमः ॥ ३९० ॥
ॐ इन्दिरा-प्रियाय नमः
ॐ इक्ष्वाकु-विघ्न-विध्वंसिने नमः
ॐ इति-कर्तव्यतेप्सिताय नमः
ॐ ईशान-मौलये नमः
ॐ ईशानाय नमः
ॐ ईशान-सुताय नमः
ॐ ईतिघ्ने नमः
ॐ ईषणा-त्रय-कल्पान्ताय नमः
ॐ ईहा-मात्र-विवर्जिताय नमः
ॐ उपेन्द्राय नमः ॥ ४०० ॥
ॐ उडु-भृन्मौलये नमः

ॐ उण्डेरक-बलि-प्रियाय नमः
ॐ उन्नताननाय नमः
ॐ उत्तुङ्गाय नमः
ॐ उदार-त्रिदशाग्र-गण्ये नमः
ॐ ऊर्जस्वते नमः
ॐ ऊष्मल-मदाय नमः
ॐ ऊहा-पोह-दुरासदाय नमः
ॐ ऋग्-यजुस्साम-सम्भूतये नमः
ॐ ऋद्धि-सिद्धि-प्रवर्तकाय नमः
ॐ ऋजु-चित्तैक-सुलभाय नमः
ॐ ऋण-त्रय-विमोचकाय नमः
ॐ स्व-भक्तानां लुप्त-विघ्नाय नमः
ॐ सुर-द्विषां लुप्त-शक्तये नमः
ॐ विमुखार्चानां लुप्त-श्रिये नमः
ॐ लूता-विस्फोट-नाशनाय नमः
ॐ एकार-पीठ-मध्यस्थाय नमः
ॐ एक-पाद-कृतासनाय नमः
ॐ एजिताखिल-दैत्य-श्रिये नमः
ॐ एधिताखिल-संश्रयाय नमः
ॐ ऐश्वर्य-निधये नमः
ॐ ऐश्वर्याय नमः
ॐ ऐहिकामुष्मिक-प्रदाय नमः
ॐ एरम्मद-समोन्मेषाय नमः
ॐ ऐरावत-निभाननाय नमः
ॐ ओङ्कार-वाच्याय नमः
ॐ ओङ्काराय नमः
ॐ ओजस्वते नमः

ॐ ओषधि-पतये नमः
ॐ औदार्य-निधये नमः ॥ ४३०
ॐ औद्धत्य-धुर्याय नमः
ॐ औन्नत्य-निस्वनाय नमः
ॐ सुर-नागानामङ्कुशाय नमः
ॐ सुर-विद्विषामङ्कुशाय नमः
ॐ अः-समस्त-विसर्गान्त-पदेषु परिकीर्तिताय नमः
ॐ कमण्डलु-धराय नमः
ॐ कल्पाय नमः
ॐ कपर्दिने नमः
ॐ कलभाननाय नमः
ॐ कर्म-साक्षिणे नमः ॥ ४४० ॥
ॐ कर्म-कर्त्रे नमः
ॐ कर्माकर्म-फल-प्रदाय नमः
ॐ कदम्ब-गोलकाकाराय नमः
ॐ कूष्माण्ड-गण-नायकाय नमः
ॐ कारुण्य-देहाय नमः
ॐ कपिलाय नमः
ॐ कथकाय नमः
ॐ कटि-सूत्र-भृते नमः
ॐ खर्वाय नमः
ॐ खड्ग-प्रियाय नमः ॥ ४५० ॥
ॐ खड्ग-खान्तान्तस्थाय नमः
ॐ ख-निर्मलाय नमः
ॐ खल्वाट-शृङ्ग-निलयाय नमः
ॐ खट्वाङ्गिने नमः
ॐ ख-दुरासदाय नमः
ॐ गुणाढ्याय नमः
ॐ गहनाय नमः

ॐ ग-स्थाय नमः
ॐ गद्य-पद्य-सुधार्णवाय नमः
ॐ गद्य-गान-प्रियाय नमः
ॐ गर्जाय नमः
ॐ गीत-गीर्वाण-पूर्वजाय नमः
ॐ गुह्याचार-रताय नमः
ॐ गुह्याय नमः
ॐ गुह्यागम-निरूपिताय नमः
ॐ गुहाशयाय नमः
ॐ गुहाब्धि-स्थाय नमः
ॐ गुरु-गम्याय नमः
ॐ गुरोर्गुरवे नमः
ॐ घण्टा-घर्घरिका-मालिने नमः ॥ ४७० ॥
ॐ घट-कुम्भाय नमः
ॐ घटोदराय नमः
ॐ चण्डाय नमः
ॐ चण्डेश्वर-सुहृदे नमः
ॐ चण्डीशाय नमः
ॐ चण्ड-विक्रमाय नमः
ॐ चराचर-पतये नमः
ॐ चिन्ता-मणि-चर्वण-लालसाय नमः
ॐ छन्दसे नमः
ॐ छन्दो-वपुषे नमः ॥ ४८० ॥
ॐ छन्दो-दुर्लक्ष्याय नमः
ॐ छन्द-विग्रहाय नमः
ॐ जगद्-योनये नमः
ॐ जगत्-साक्षिणे नमः
ॐ जगदीशाय नमः

ॐ जगन्मयाय नमः
ॐ जपाय नमः
ॐ जप-पराय नमः
ॐ जप्याय नमः
ॐ जिह्वा-सिंहासन-प्रभवे नमः
ॐ झलज्झल्लोल्लसद्-दान-
झङ्कारि-भ्रमराकुलाय नमः
ॐ टङ्कार-स्फार-संरावाय नमः
ॐ टङ्कारि-मणि-नूपुराय नमः
ॐ ठ-द्वयी-पल्लवान्तस्थ-सर्व-
मन्त्रैक-सिद्धिदाय नमः
ॐ डिण्डि-मुण्डाय नमः
ॐ डाकिनीशाय नमः
ॐ डामराय नमः
ॐ डिण्डिम-प्रियाय नमः
ॐ ढक्का-निनाद-मुदिताय
नमः
ॐ ढौकाय नमः ॥ ५०० ॥
ॐ ढुण्ढि-विनायकाय नमः
ॐ तत्वानां परमाय तत्त्वाय नमः
ॐ तत्वं-पद-निरूपिताय नमः
ॐ तारकान्तर-संस्थानाय नमः
ॐ तारकाय नमः
ॐ तारकान्तकाय नमः
ॐ स्थाणवे नमः
ॐ स्थाणु-प्रियाय नमः
ॐ स्थात्रे नमः
ॐ स्थावराय जङ्गमाय जगते
नमः॥ ५१० ॥
ॐ दक्ष-यज्ञ-प्रमथनाय नमः

ॐ दात्रे नमः
ॐ दानव-मोहनाय नमः
ॐ दया-वते नमः
ॐ दिव्य-विभवाय नमः
ॐ दण्ड-भृते नमः
ॐ दण्ड-नायकाय नमः
ॐ दन्त-प्रभिन्नाभ्र-मालाय नमः
ॐ दैत्य-वारण-दारणाय नमः
ॐ दंष्ट्रा-लग्न-द्विप-घटाय नमः
ॐ देवार्थ-नृ-गजाकृतये नमः
ॐ धन-धान्य-पतये-नमः
ॐ धन्याय नमः
ॐ धनदाय नमः
ॐ धरणी-धराय नमः
ॐ ध्यानैक-प्रकटाय नमः
ॐ ध्येयाय नमः
ॐ ध्यानाय नमः
ॐ ध्यान-परायणाय नमः
ॐ नन्द्याय नमः ॥ ५३० ॥
ॐ नन्दि-प्रियाय नमः
ॐ नादाय नमः
ॐ नाद-मध्य-प्रतिष्ठिताय नमः
ॐ निष्कलाय नमः
ॐ निर्मलाय नमः
ॐ नित्याय नमः
ॐ नित्यानित्याय नमः
ॐ निरामयाय नमः
ॐ परस्मै व्योम्ने नमः
ॐ परस्मै धाम्ने नमः ॥ ५४० ॥
ॐ परमात्मने नमः

ॐ परस्मै पदाय नमः
ॐ परात्पराय नमः
ॐ पशु-पतये नमः
ॐ पशु-पाश-विमोचकाय नमः
ॐ पूर्णानन्दाय नमः
ॐ परानन्दाय नमः
ॐ पुराण-पुरुषोत्तमाय नमः
ॐ पद्म-प्रसन्न-नयनाय नमः
ॐ प्रणताज्ञान-मोचनाय नमः
ॐ प्रमाण-प्रत्ययातीताय नमः
ॐ प्रणतार्ति-निवारणाय नमः
ॐ फल-हस्ताय नमः
ॐ फणि-पतये नमः
ॐ फेत्काराय नमः
ॐ फाणित-प्रियाय नमः
ॐ बाणार्चिताङ्घ्रि-युगलाय
नमः
ॐ बाल-केलि-कुतूहलिने नमः
ॐ ब्रह्मणे नमः
ॐ ब्रह्मार्चित-पदाय नमः ॥ ५६०
ॐ ब्रह्म-चारिणे नमः
ॐ बृहस्पतये नमः
ॐ बृहत्तमाय नमः
ॐ ब्रह्म-पराय नमः
ॐ ब्रह्मण्याय नमः
ॐ ब्रह्म-वित्-प्रियाय नमः
ॐ बृहन्नादाग्र्य-चीत्काराय नमः
ॐ ब्रह्माण्डावलि-मेखलाय नमः
ॐ भ्रू-क्षेप-दत्त-लक्ष्मी-काय
नमः

ॐ भर्गाय नमः ॥ ५७० ॥
ॐ भद्राय नमः
ॐ भयापहाय नमः
ॐ भगवते नमः
ॐ भक्ति-सुलभाय नमः
ॐ भूतिदाय नमः
ॐ भूति-भूषणाय नमः
ॐ भव्याय नमः
ॐ भूतालयाय नमः
ॐ भोग-दात्रे नमः
ॐ भ्रू-मध्य-गोचराय नमः
ॐ मन्त्राय नमः
ॐ मन्त्र-पतये नमः
ॐ मन्त्रिणे नमः
ॐ मद-मत्त-मनोरमाय नमः
ॐ मेखला-वते नमः
ॐ मन्द-गतये नमः
ॐ मति-मत्-कमलेक्षणाय नमः
ॐ महा-बलाय नमः
ॐ महा-वीर्याय नमः
ॐ महा-प्राणाय नमः ॥ ५९० ॥
ॐ महा-मनसे नमः
ॐ यज्ञाय नमः
ॐ यज्ञ-पतये नमः
ॐ यज्ञ-गोप्त्रे नमः
ॐ यज्ञ-फल-प्रदाय नमः
ॐ यशस्कराय नमः
ॐ योग-गम्याय नमः
ॐ याज्ञिकाय नमः
ॐ याजक-प्रियाय नमः

ॐ रसाय नमः ॥ ६०० ॥
ॐ रस-प्रियाय नमः
ॐ रस्याय नमः
ॐ रञ्जकाय नमः
ॐ रावणार्चिताय नमः
ॐ रक्षो-रक्षा-कराय नमः
ॐ रत्न-गर्भाय नमः
ॐ राज्य-सुख-प्रदाय नमः
ॐ लक्ष्याय नमः
ॐ लक्ष्य-प्रदाय नमः
ॐ लक्ष्याय नमः ॥ ६१० ॥
ॐ लयस्थाय नमः
ॐ लड्डुक-प्रियाय नमः
ॐ लान-प्रियाय नमः
ॐ लास्य-पराय नमः
ॐ लाभ-कृते नमः
ॐ लोक-विश्रुताय नमः
ॐ वरेण्याय नमः
ॐ वह्नि-वदनाय नमः
ॐ वन्द्याय नमः
ॐ वेदान्त-गोचराय नमः
ॐ वि-कर्त्रे नमः
ॐ विश्वतश्चक्षुषे नमः
ॐ विधात्रे नमः
ॐ विश्वतो-मुखाय नमः
ॐ वाम-देवाय नमः
ॐ विश्व-नेत्रे नमः
ॐ वज्रि-वज्र-निवारणाय नमः
ॐ विश्व-बन्धन-विष्कम्भा-
धाराय नमः

ॐ विश्वेश्वर-प्रभवे नमः
ॐ शब्द-ब्रह्मणे नमः ॥ ६३० ॥
ॐ शम-प्राप्याय नमः
